उज्जैन
रविवार
25
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-84
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



गीता बसरा बोलीं- पोस्टर देखकर फिदा हो गए थे भज्जी युवराज से मैसेज कराया, पहले मैंने इग्नोर किया, फ्रेंडशिप से प्यार, फिर शादी हुई

पेज- 8

## चुनाव आयोग लोकतंत्र का संरक्षक नहीं बल्कि वोट चोरी की साजिश का हिस्सा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अब लोकतंत्र का



संरक्षक नहीं रहा, बल्कि वोट चोरी की एक सोची-समझी साजिश का अहम हिस्सा बन गया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि गुजरात में विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर एक सुव्यवस्थित, संगठित और रणनीतिक तरीके से मतदाताओं के अधिकारों पर हमला किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि मतदाता सूचियों से चुनिंदा समुदायों और उन मतदान केंद्रों के नाम जानबूझकर हटाए जा रहे हैं, जो कांग्रेस पार्टी का समर्थन करते हैं। उनका आरोप है कि जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी को संभावित हार नजर आती है, वहां मतदाताओं को व्यवस्था से गायब कर दिया जाता है।

## तमिलनाडु सीएम बोले-राज्य में हिंदी के लिए कोई जगह नहीं

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम के स्टालिन ने तमिल भाषा शहीद दिवस पर रविवार को राज्य के भाषा शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यहां हिंदी के लिए कभी भी कोई जगह नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा कि हम इसे थोपने का हमेशा विरोध करेंगे। तमिल के तमिल भाषा के लिए हमारा प्यार कभी नहीं मरेगा। स्टालिन ने कहा कि जब भी हिंदी को हम पर थोपा गया, इसका उसी तेजी से विरोध भी किया गया। सीएम ने कहा कि मैं उन शहीदों को कृतज्ञतापूर्वक सम्मान देता हूं जिन्होंने तमिल के लिए अपनी कीमती जान दे दी। भाषा युद्ध में अब और कोई जान नहीं जाएगी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने तमिल भाषा के शहीदों थलामुथु और नटरासन की तस्वीरों पर फूल चढ़ाए।

## लोग स्वदेशी सामान खरीदें, हमारी अर्थव्यवस्था पर बाहरी खतरा

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने ट्रम्प की टैरिफ धमकी के बाद देशवासियों से स्वदेशी सामान खरीदने की अपील की है।



कार्नी ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कनाडा की अर्थव्यवस्था पर इस वक्त बाहरी खतरा है, इसलिए जो हमारे नियंत्रण में है, उसी पर ध्यान देना होगा। कार्नी का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा को चीन के साथ व्यापार समझौते करने पर कड़ी चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अगर कनाडा ने चीन के साथ व्यापारिक रिश्ते बढ़ाए, तो अमेरिका कनाडाई सामान पर 100 फीसदी टैरिफ लगाएगा।

## अमरोहा में कुछ ही मिनटों में फिसल गईं 12 बाइकें 20 से अधिक लोग घायल

**अमरोहा।** जिले में हल्की बारिश ने एक सड़क को अचानक खतरनाक बना दिया, जिससे कुछ ही मिनटों के भीतर एक के बाद एक कई हादसे हो गए। वेव शुगर मिल के पास स्थित सड़क पर करीब 12 दोपहिया वाहन फिसल गए, जबकि 20 से अधिक लोग मामूली रूप से घायल हो गए। गनीमत यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई और न ही कोई जनहानि हुई, लेकिन घटना ने प्रशासन और मिल प्रबंधन की लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क पर गन्ना मिल का कचरा पहले से जमा था। किसान इस कचरे को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए खेतों तक ले जाते हैं, लेकिन परिवहन के दौरान बड़ी मात्रा में यह अवशेष सड़क पर गिर जाता है।

### जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी, हिमाचल में तापमान माइनस 7 डिग्री

# नेशनल हाईवे और 1300 से ज्यादा रास्ते बंद

### यूपी के 20 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर की भद्रवाह घाटी में लंबे इंतजार के इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। पटनीटॉप, नथाटॉप, सनासर और बटोटे में भी इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। हिमाचल में बर्फबारी से तापमान और गिर गया है। यहां कुसुमकेरी का तापमान माइनस 7 डिग्री रहा। हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी के कारण 1291 सड़कें बंद हैं। बर्फ हटाने के लिए 385 मशीनें लगाई हैं। हिमाचल और कश्मीर में 1300 से ज्यादा सड़कों पर से बर्फ हटाने का काम लगातार जारी है।



उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट है। मौसम विभाग ने बताया कि यहां 40-50 किमी/घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। तापमान में 5-6 डिग्री तक की गिरावट आने की संभावना है।

- हरियाणा और पंजाब के कई शहरों में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग ने 25 जनवरी को प्रदेश के 7 जिलों में पाला पड़ने की चेतावनी दी है। वहीं, पंजाब में बठिंडा सबसे ठंडा रहा। यहां का तापमान 0.8 डिग्री रहा।
- रक्षा मंत्रालय के डिफेंस जियोमैट्रिक्स रिसर्च एस्टैबलिशमेंट ने उत्तराखंड में बर्फबारी के कारण पांच जिलों के लिए अगले 24 घंटे में हिमस्खलन का हाई अलर्ट जारी किया है। ऊंचाई वाले इलाकों में आज शाम 5 बजे तक हिमस्खलन की चेतावनी दी गई है।
- दिल्ली में बारिश के बाद हवा में सुधार हुआ। रविवार सुबह 8 बजे एयर क्वालिटी इंडेक्स 150 दर्ज किया गया। हालांकि मौसम में बदलाव से ठंड बढ़ गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

## तीसरा टी-20 आज : न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार पांचवीं सीरीज जीत सकता है भारत

ब्रह्मास्त्र ›› गुवाहाटी

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी-20 आज गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबला शाम 7 बजे से शुरू होगा, जिसका टॉस शाम 6.30 बजे होना है।

टीम इंडिया सीरीज में 2-0 से आगे है, तीसरा मैच जीतकर टीम न्यूजीलैंड को लगातार पांचवीं टी-20 सीरीज हरा देगी। हेड टु हेड में आगे भारत न्यूजीलैंड और भारत के बीच 27 टी-20 खेले गए। 14 में भारत और 10 में न्यूजीलैंड को जीत मिली। 3 मुकाबले टाई भी रहे। भारत में दोनों ने 13 टी-20 खेले। 9 में होम टीम और महज 4 में न्यूजीलैंड को जीत मिली। भारत में दोनों टीमों के बीच 4 टी-20 सीरीज खेली गई। 2012 में न्यूजीलैंड इकलौता टी-20 जीता था। वहीं 2 प्लस मैचों की तीनों सीरीज में भारत ने बाजी मारी। न्यूजीलैंड ने 6 साल पहले भारत को आखिरी सीरीज हराई थी, तब होमग्राउंड पर टीम को 2-1 से जीत मिली थी। तब से भारत ने न्यूजीलैंड को लगातार 4 सीरीज हरा दी। आज मुकाबला जीतकर टीम इंडिया कीवी टीम को लगातार पांचवीं टी-20 सीरीज हरा देगी। अक्षर को मौका मिल सकता है टीम इंडिया तीसरे मुकाबले अक्षर पटेल को मौका दे सकती है। वे इंजरी के कारण दूसरे टी-20 से बाहर हो गए थे। उनके साथ जसप्रीत बुमराह को भी मुकाबले से आराम दिया गया था। दोनों आज वापसी कर सकते हैं।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› ढाका

बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक और हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या का मामला सामने आया है। 23 साल के चंचल चंद्र भौमिक का जला हुआ शव शुक्रवार रात एक दुकान के अंदर मिला। परिवार ने इसे सुनियोजित हत्या बताया है।

घटना नरसिंदी शहर के पुलिस लाइंस से सटे मस्जिद मार्केट इलाके में हुई। चंचल जिस गैराज में काम करता था, उसी के अंदर उसका शव मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के वक्त चंचल गैराज के अंदर सो रहा था। रात के समय किसी ने बाहर से शटर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। आग तेजी से अंदर फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चंचल आग में फंसा रहा और काफी देर तक तड़पता रहा। बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने घटना को बेहद दिल दहला देने वाला बताया।

## अमेरिकी शर्तें मानने पर बची वेनेजुएला के मंत्रियों की जान

### वर्किंग प्रेसिडेंट बोलीं- 15 मिनट में फैसला लेना था, नहीं तो सैनिक गोली मार देते



ब्रह्मास्त्र ›› कराकस

वेनेजुएला की कार्यकारी राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज का एक वीडियो लीक हुआ है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक इसमें रोड्रिग्ज दावा कर रही हैं कि अमेरिका ने जब तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ा, तब उन्हें और उनके कैबिनेट मेंबर्स को सिर्फ 15 मिनट का वक्त दिया था। उनसे कहा गया कि अगर उन्होंने अमेरिका की शर्तें नहीं मानी तो सबको गोली मार दी जाएगी।

ये बातें करीब दो घंटे चली एक बैठक की लीक रिकॉर्डिंग में सामने आई हैं। यह बैठक अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के सात दिन बाद वेनेजुएला में हुई थी। इस वीडियो को सबसे पहले स्थानीय पत्रकारिता समूह ला होरा दे वेनेजुएला ने रिपोर्ट किया।

यह बैठक एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म पर रिकॉर्ड की गई लगती है। इसमें रोड्रिग्ज सरकार समर्थक इन्फ्लुएंसर के सामने अपनी दलील दे रही हैं। इस दौरान कमरे में कुछ लोग मौजूद थे, जबकि कुछ लोग ऑनलाइन जुड़े थे। यह साफ नहीं है कि यह रिकॉर्डिंग लीक कैसे हुई। रोड्रिग्ज कहती हैं कि अमेरिकी हमले के बाद सत्ता संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने भी उनकी तारीफ की, क्योंकि उन्होंने उनकी कई मांगें मान लीं। रोड्रिग्ज ने कहा, मुझे बातें माननी पड़ीं क्योंकि धमकियां और ब्लैकमेलिंग लगातार हो रही थी।

### कान्ह डायवर्सन परियोजना का 50 प्रतिशत काम पूरा

# जमालपुरा में एक बैराज एवं 30.15 किमी लंबे अंडरग्राउंड डक्ट का कार्य प्रगतिरत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ 2028 के लिए महत्वपूर्ण कान्ह डायवर्सन परियोजना का 50 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। साथ ही टनल और कट एंड कवर का काम तेज गति से पूरा किया जा रहा है।

शिप्रा नदी को पावन, पवित्र और शुद्ध बनाए रखने के लिए कान्ह डायवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना का कार्य प्रगतिरत है। इसके अंतर्गत कान्ह नदी के अशुद्ध पानी को शिप्रा नदी में मिलने से रोकने के लिए ग्राम  है। इसके माध्यम से कान्ह नदी के अशुद्ध पानी को डायवर्ट करते हुए गंभीर नदी में गंभीर बांध के नीचे छोड़ा जाएगा। यह परियोजना इतनी बड़ी और इतनी व्यवस्थित है कि बड़े-बड़े डंपरों से टनल में जाकर कान्ह नदी की गंदगी को भी साफ किया जा सकेगा । इसके लिए चार जगहों पर बड़े-बड़े कुआं नुमा शाफ्ट बनाए जा रहे हैं। इसके माध्यम से बड़ी-बड़ी जेसीबी और डंपर जमीन के अंदर उतरेंगे और गंदगी को साफ कर बाहर निकाला जाएगा। वर्तमान में निर्माण



एजेंसी वेंसर उज्जैन प्रोजेक्ट और रिवर वोल्ट हाइड्रो एल एल पी हैदराबाद इस परियोजना  पर कार्य कर रही है,,यही कंपनी इस परियोजना को 15 वर्ष तक संचालित करेगी। शिप्रा शुद्धिकरण हेतु कान्ह नदी के जल का व्यपवर्तन हेतु कुल 30.15 किमी लंबाई (18.15 किमी कट एंड कवर भाग एवं 12 किमी टनल भाग) की कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना निमार्णाधीन है,  जिसके कट एंड कवर भाग में खुदाई एवं पीसीसी कार्य, टनल भाग में चार सॉफ्ट के माध्यम से वर्टिकल एवं हॉरिजेन्टल खुदाई का कार्य एवं कास्टिंग यार्ड में प्री कास्ट सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य प्रगतिरत है। सिंहस्थ 2028 को लेकर चल रही कान्ह डायवर्जन क्लोज डक्ट परियोजना लगातार प्रगति की ओर बढ़ रही है। परियोजना से जुड़े कार्यपालन अभियंता मयंक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे प्रोजेक्ट का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। परियोजना के अंतर्गत टनल निर्माण और कट एंड कवर पद्धति से डक्ट निर्माण का कार्य अच्छी गति से जारी है। दोनों हिस्सों में आधुनिक तकनीक के साथ निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि परियोजना में शामिल डायवर्जन बैराज और वियर निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है, जिसका फाउंडेशन वर्क तेजी से प्रगति पर है।



## खबर एक नजर...

### गणतंत्र दिवस : वीआईपी पार्किंग कालिदास उद्यान में, मुरलीपुरा से मार्ग डायवर्ट रहेगा

**उज्जैन।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को लेकर पुराने शहर में महाकाल दर्शन और वीआईपी इंतजाम तय कर दिए गए, जिससे कि लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। पहली बार गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह कार्तिक मेला ग्राउंड में होगा, इसे लेकर बड़नगर मार्ग पर मुरलीपुरा से मार्ग बंद रहेगा और वाहनों को मुरलीपुरा से अन्य मार्ग होते हुए जूना सोमवारिया की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। चक्रतीर्थ की तरफ से भी बड़े पुल को जाने वाला मार्ग गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न होने तक बंद रहेगा। इंदौर रोड, देवास रोड तथा मक्सी रोड के रास्ते आने वाले श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए आना चाहते हैं तो वे अपने निजी वाहनों से नानाखेड़ा शांति पैलेस सिंहस्थ बायपास मार्ग होते हुए नृसिंहघाट मार्ग स्थित कर्कराज पार्किंग पर पहुंचेंगे। यहां वाहन पार्क करने के बाद दर्शन के लिए मंदिर पहुंच सकेंगे। उक्त पार्किंग भर जाने पर अन्य पार्किंग में वाहन पार्क कराए जाएंगे।

### हृदय रोग जांच शिविर के लिए आज देंगे किट

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो साल के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में रविवार को विद्या भारती भवन चिंतामन रोड पर निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्वयं स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को शिविर की उपयोगी सामग्री वितरित करेंगे। संयोजक सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. सत्यनारायण जटिया, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल आदि मौजूद रहेंगे।

### सप्त सागर से अवैध कब्जे हटाए और गंदा पानी रोके

**उज्जैन।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) भोपाल ने उज्जैन के सप्त सागर जलाशयों को बचाने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। एनजीटी ने देखा कि गोवर्धन सागर और अन्य जलाशयों में अवैध कब्जा हो गया है और बिना साफ किए पानी का प्रवाह हो रहा है। पीठ में न्यायमूर्ति एसके सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीरकुमार चतुर्वेदी शामिल थे। एनजीटी ने बताया 36 बीघा क्षेत्र में से 18.5 बीघा जमीन पर अवैध कब्जा हो चुका है। नगर निगम और जिला प्रशासन ने पहले दिए निर्देशों का पालन नहीं किया, जिस पर एनजीटी ने सख्त टिप्पणी की। अधिकरण ने मुख्य सचिव मध्यप्रदेश को आदेश दिया कि सभी जलाशयों से अवैध कब्जा हटाया जाए और गंदा पानी सीधे जलाशयों में जाने से रोका जाए। साथ ही पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मासिक निगरानी और जल की गुणवत्ता की रिपोर्ट देने का निर्देश भी दिया गया। एनजीटी ने कहा सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए जलाशयों की पवित्रता और पानी की शुद्धता बनाए रखना बहुत जरूरी है। अगली सुनवाई 20 फरवरी 2026 को होगी।

### छात्रों से झाड़ू लगवाने पर प्रभारी प्राचार्य को नोटिस

**उज्जैन।** आष्टा विकासखंड के शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं से झाड़ू और सफाई करवाई जा रही है। यह सब जिम्मेदारों की मौजूदगी में हो रहा है। उन्होंने शासकीय हाई स्कूल निपानिया कला के प्रभारी प्राचार्य वीके शर्मा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। दो कार्य दिवस में जवाब देने को कहा गया है। स्कूलों में चपरासी नहीं होने से छात्र और शिक्षक परेशान हैं। कई चपरासियों को वर्षों से अन्य जगहों पर अटैच कर रखा गया है। उन्हें अब तक कार्यमुक्त नहीं किया गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि अटैच चपरासियों को जल्द मूल संस्था में भेजा जाए।

# महाकाल लोक में 488 होमगार्ड जवान होंगे तैनात

## उज्जैन में मंदिर की सुरक्षा के लिए ईएसबी करेगा भर्ती, जवानों का कहीं और नहीं होगा ट्रांसफर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल लोक और महाकाल महाराज के दर्शन के लिए उमड़ने वाली लाखों की भीड़ को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी अब होमगार्ड के जवानों को मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के बाद महाकाल मंदिर के लिए होमगार्ड की 4 विशेष कंपनियों के गठन के प्रस्ताव को राज्य सरकार ने हरी झंडी दे दी है।

होमगार्ड मुख्यालय भोपाल से इनकी भर्ती के लिए आधिकारिक मंजूरी का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा जा चुका है। यह भर्ती राज्य स्तर पर कर्मचारी चयन मंडल के जरिए की जाएगी। गृह विभाग इन पदों के लिए आधिकारिक विज्ञापन जारी करने के निर्देश कर्मचारी चयन मंडल (एरड) को देने वाला है।

**जवानों का कहीं और नहीं होगा ट्रांसफर-** होमगार्ड के इस स्पेशल कैडर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन जवानों का ट्रांसफर कहीं और नहीं होगा। ये जवान कॉल ऑफ और कॉल ऑन से मुक्त रहेंगे। होमगार्ड में भर्ती होने वाले ऐसे जवान अपने पूरे सेवाकाल के दौरान केवल महाकाल मंदिर में ही सेवाएं देंगे। इससे उन्हें मंदिर की भौगोलिक स्थिति और सुरक्षा बारीकियों का विशेषज्ञ बनने में मदद मिलेगी। मामले में होमगार्ड के अफसरों का कहना है कि महाकाल मंदिर के लिए होमगार्ड की चार कंपनियों की भर्ती के लिए मंजूरी मिली हैं। 488 पदों पर एरड के जरिए भर्ती होगी। गृह विभाग को विज्ञापन जारी करने के लिए पत्र लिखा है।




### हर रोज लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं उज्जैन

महाकाल लोक बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। यहां हर रोज औसतन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं का आना जाना होता है। इसे देखते हुए यह नई होमगार्ड फोर्स मंदिर परिसर की सुरक्षा के साथ यात्रियों की सहायता के लिए भी मुस्तैद रहेगी। इन जवानों को होमगार्ड की नियुक्ति से पहले बेसिक ट्रेनिंग के साथ ही भीड़ प्रबंधन के गुर भी सिखाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हो सकें। अभी महाकाल मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी निजी एजेंसियों के हवाले है।

### सुरक्षा में लगने वाले होमगार्ड

- कुल पद 488 होंगे।
- कुल कंपनियां 4 रहेगी।
- हर कंपनी में 122 जवान होंगे।
- केवल महाकाल मंदिर, मुख्य परिसर और महाकाल लोक में सेवा देंगे।
- जवानों का वेतन महाकाल मंदिर ट्रस्ट देगा
- 3 शिफ्टों में ड्यूटी लगाई जाएगी।
- निजी सुरक्षा व्यवस्था बंद होगी।

# राजधानी में पेड ओल्ड ऐज होम




इस फाइव स्टार फैसिलिटी वाले वृद्धाश्रम का नाम संध्या छाया रखा गया है। सामाजिक न्याय व सशक्तिकरण विभाग के अन्तर्गत ये काम करेगा।

## मासिक किराया पचास हजार तक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बुजुर्ग , किसी भी देश की अमूल्य पूंजी होते हैं। जिस तरह वृक्ष की जडें ही सबसे महत्वपूर्ण होती हैं वैसे ही हमारा भी अस्तित्व हमारे घर के बुजुर्गों के कारण ही है। समय के साथ कैरियर और रूतबा इतने अधिक महत्वपूर्ण हो गए कि कैरियर की खातिर युवा वर्ग का रूख विदेशों की तरफ हो गया और उनके वृद्ध माता पिता स्वदेश मे ही रह गए। पैसा होने के बाद वृद्धों की देखरेख एक समस्या बनकर उभरी। इसी समस्या को ध्यान मे रखकर प्रदेश की राजधानी भोपाल मे लिंक रोड -1 पर एक सर्वसुविधायुक्त ओल्ड ऐज होम बना है जिसमे सिंगल व डबल बेड रूम्स हैं। प्रत्येक रूम मे इंटरकाम, कालबेल, फ्रीज, गीजर, एअरकंडीशनर जैसी सुविधाएं हैं।

**चिकित्सा सेवा 24.7-** बुजुर्गों को सभी सुविधाओं के साथ उत्तम चिकित्सा सेवा भी चौबीस घंटे उपलब्ध रहेगी। उच्च प्रशिक्षित मेडिकल टीम पूरे समय सेवाएं देती रहेगी।

**पचास हजार मासिक किराया-** चाय नाश्ता के साथ गुणवत्ता वाला भोजन साथ ही इंडोर गेम्स से मनोरंजन और फ्रेंडली इन्वायरमेंट वाले इस होम का किराया पचास हजार रू मासिक तय किया गया है। ये ओल्ड ऐज होम भोपाल की लिंक रोड क्रमांक - 1 पर है और विगत दिनो इसका निरीक्षण मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया व आवश्यक निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। विदेश मे रह रहे लोगों के वृद्ध माता पिता के लिए ये एक सुरक्षित आश्रय रहेगा ऐसी उम्मीद की जा रही है।

# एमआर-5 मार्ग पर बदमाशों ने ढाबा संचालक को मारे चाकू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एमआर-5 मार्ग पर ढाबा संचालक को गुरूवार-शुक्रवार रात 3 बदमाशों ने चाकू मारकर घायल कर दिया और ढाबे में तोड़फोड़ की। चाकूबाजी की खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बदमाश भाग निकले थे। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हीरामिल की चाल में रहने वाले जसवंत पिता हरीसिंह कुशवाह एमआर-5 मार्ग सेंटपाल स्कूल के सामने जस्सू का ढाबा संचालित करता है। रात में ढाबे पर बदमाश छिंगू बुंदेला अपने 2 साथी शिवा और टूंडा के साथ पहुंचा और जसवंत पर चाकू से हमला कर दिया। यहीं नहीं ढाबे में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। चाकूबाजी की खबर मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ढाबे पर पहुंची और घायल संचालक को उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया। मामले में बयान दर्ज कर तीनों बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। घायल के अनुसार छिंगू बुंदेला ने आकर कहा था कि रोशन गुर्जर के लिये काम क्यों करता है। वह शुक्रवार को पेशी पर कोर्ट गया था, जहां रोशन जिलाबदर की तारिख होने पर कोर्ट आया था, उस दौरान बातचीत हुई थी। इसी बात पर छिंगू ने साथियों के साथ आकर मारपीट और चाकूबाजी की है। पुलिस के अनुसार छिंगू बुंदेला के खिलाफ पूर्व में भी अपराध दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। शुक्रवार को जिलाबदर रोशन गुर्जर कोर्ट पेशी पर आया था। उसने माधवनगर थाना पुलिस को शिकायती आवेदन देकर बताया था कि वह कोर्ट पेशी से अपने दोस्त की कार में लौट रहा था उस दौरान कोठी रोड पर छिंगू बुंदेला, शिवा और टूंडा ने अपने साथियों के साथ कार पर गोलियां चलाई है।

# ये नारी शक्ति का सम्मान, रहेगा यादगार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन


ये गणतंत्र दिवस बहुत ही खास होनेवाला है क्योंकि दिल्ली के मुख्य समारोह मे देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मु जी के साथ जो ध्वजारोहण मे साथ रहेंगी वो भी एक वायुसेना महिला अधिकारी हैं। इस बार राष्ट्रपति के साथ फ्लाइट लेफ्टिनेंट अक्षिता धनगढ ध्वजारोहण करेंगी। ये देश की सभी नारी जाति का सम्मान है। पूरे विश्व मे भारत अपनी एक विशिष्ट पहचान का एक और कीर्तिमान रचने जा रहा है जो सदैव यादगार रहेगा। इस पर शहर की युवतियों और महिलाओं की प्रतिक्रिया जानने का प्रयास ब्रहास्त्र ने किया।

**यादगार रहेगा-** ये गणतंत्र दिवस सदैव स्मरणीय रहेगा क्योंकि आपरेशन सिन्दूर की कामयाबी मे भी महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी का योगदान फिर देश की शान तिरंगे को फहराने का गौरव भी महिला सैन्य अधिकारी को देकर भारत एक अलग पहचान रखने जा रहा है।



**-महक मिमरोट, छात्रा।**

**सनातन की विरासत और संस्कार-** सनातन धर्म मे कहा गया है कि जहां नारी की पूजा और सम्मान होता है वहीं पर देवताओं का वास होता है। इसी सांस्कृतिक व नैतिक विरासत को कायम रखते हुए भारत की राष्ट्रपति एक महिला हैं और गणतंत्र दिवस पर उनके साथ एक महिला सैन्य अधिकारी को ध्वज फहराने की जिम्मेदारी देना ,पूरी नारी जाति का सम्मान है।



**- प्राची कोलवाल , छात्रा।**

**देश की प्रगति मे बराबर की हिस्सेदार-** अक्षिता धनगढ द्वारा ध्वजारोहण समारोह मे राष्ट्रपतिजी का सहयोग करना हम सभी महिलाओ के लिए फख्र की बात है। स्पष्ट संदेश है कि ये बदलता नया भारत है जिसकी प्रगति मे महिलाएं भी बराबर अपना योगदान दे रही हैं।



**दिया सोलंकी, स्कालर।**

**बहुत खुशी हो रही है-** मुझे बहुत खुशी हो रही है कि पूरे विश्व मे एक मात्र मेरा देश ऐसा है जहां महिलाओ को सम्मान की बात सिर्फ कागजो तक सिमटी नहीं है बल्कि भारत ने साबित कर दिया कि हमारी बेटियां सम्मान के लिए सुपात्र हैं। आपरेशन सिन्दूर के दौरान दुश्मन के छक्के छुडाने मे नारी शक्ति अग्रसर रही तो देश की शान तिरंगे को फहराने मे भी सम्मान नारी शक्ति को दिया जा रहा है जो सराहनीय व स्तुत्य है।



**-पारुल सुराना, शिक्षिका।**

उज्जैन
रविवार
25
जनवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

न क्रोधो न च मात्सर्यं न लोभो नाशुभा मतिः।
भवन्ति कृतपुण्यानां भक्त्या श्रीसूक्तजापिनाम्॥

अर्थः भक्तिपूर्वक श्री सूक्त का जप करनेवाले, पुण्यशाली लोगों को न क्रोध होता है, न ईर्ष्या होती है, न लोभ ग्रसित कर सकता है और न उनकी बुद्धि दूषित ही होती है।

### भागीरथपुरा में परिजन ने किया चक्काजाम, बेटे ने कहा- 2 लाख की मदद मिली

# इंदौर दूषित पानी- बुजुर्ग का शव रखकर प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी से बुजुर्ग बद्री प्रसाद की मौत के बाद परिजन में आक्रोश है। शनिवार को परिजन ने भागीरथपुरा पुल के पास शव रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान स्थानीय भाजपा पार्षद कमल वाघेला के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

परिजन का आरोप है कि बद्री प्रसाद की मौत हुए एक दिन हो चुका है, लेकिन प्रशासन का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। परिवार का कहना है कि वे बेहद गरीब हैं और उनके पास अंतिम संस्कार के लिए भी पैसे नहीं हैं।

परिजन ने बताया कि बद्री प्रसाद की तबीयत अचानक बिगड़ी थी। इससे पहले वे पूरी तरह स्वस्थ थे। इसके बावजूद प्रशासन इस मौत को दूषित पानी से जोड़ने से इनकार कर रहा है। परिवार ने यह भी बताया कि दो माह पहले बद्री प्रसाद की बहू की भी मौत हो चुकी है, जिससे परिवार पूरी तरह टूट चुका है। बाद में बद्रीप्रसाद के बेटे शैलेंद्र ने बताया कि प्रशासन से मदद के आश्वासन के बाद चक्काजाम खत्म कर दिया गया। पिताजी का अंतिम संस्कार भी हो चुका है। कुछ रहवासियों के माध्यम से बात ऊपर तक पहुंची तो मुझे तत्काल 2 लाख रुपए की मदद मिल गई।



### कांग्रेस नेता भी प्रदर्शन में शामिल हुए

- बद्री प्रसाद के बेटे शैलेंद्र ने बताया कि दो माह पहले उनकी पत्नी कंचन की भी मौत हो चुकी है। उस समय भी क्षेत्र में दूषित पानी की समस्या बनी हुई थी। परिवार और स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि कंचन की मौत भी इसी कारण हुई थी, लेकिन तब भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया।
- घटना की जानकारी मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे पहुंचे, पार्षद राजू भदौरिया सहित कांग्रेस के कई नेता मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार के समर्थन में धरने पर बैठ गए। सभी ने मांग की कि पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए।
- प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि बद्री प्रसाद की मौत को एक दिन बीत चुका है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन मौत के सही कारण को छुपाने का प्रयास कर रहा है। करीब डेढ़ घंटे तक चले हंगामे के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और क्षेत्र में जाम की स्थिति बन गई थी।

### एसडीएम के आश्वासन के बाद खुला जाम

स्थिति बिगड़ने की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा। कुछ देर बाद एसडीएम निधि वर्मा, एसीपी विनोद दीक्षित सहित अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा की। एसडीएम निधि वर्मा ने परिवार को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में जल्द ही स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराई जाएगी। साथ ही बद्री प्रसाद और उनकी बहू कंचन की मौत के मामले में सीएमएचओ से पूरी रिपोर्ट लेकर शासन स्तर पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## खबर एक नजर...

### महिला सुरक्षा गार्ड की गला घोंटकर की थी हत्या

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र के नंदबाग में शुक्रवार सुबह एक महिला सुरक्षा गार्ड गायत्री कुर्मी का शव उसके घर में मिला। उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी। वह सुबह ड्यूटी पर जाने की तैयारी कर रही थी, तभी वारदात को अंजाम दिया गया। महिला के हाथ और पैर बंधे हुए थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। जब गायत्री ड्यूटी पर नहीं पहुंची तो उसके सुपरवाइजर ने घर जाकर देखा, जहां घटना की जानकारी सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में लूट के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। हालांकि पुलिस अधिकारियों का मानना है कि हत्या में एक से अधिक आरोपी शामिल हो सकते हैं। मामले की जांच के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई हैं। सीसीटीवी फुटेज की जांच में वारदात के समय महिला के घर से कुछ दूरी पर लगे कैमरों में दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं। ये संदिग्ध घटना से करीब 20झ25 मिनट पहले भी इलाके में घूमते नजर आए और महिला के घर की दिशा में आते-जाते दिखाई दिए।

### इंदौर में कई जगह बनी जाम की स्थिति, रेंगते हुए चल रहे वाहन



**इंदौर।** इंदौर के जवाहर मार्ग, खजूरी बाजार और पंढरीनाथ सहित अन्य इलाकों में शनिवार शाम को जाम की स्थिति बनी रही। जाम के चलते यहां वाहन रुक-रुककर चलते रहे। जाम को खुलवाने के लिए सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस दिखाई नहीं दी। वाहन चालक एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में और जाम के हालात पैदा करते रहे। देर शाम तक वाहन रेंगते रहे। कई वाहन चालक जाम की स्थिति को देखकर लौट रहे हैं या रास्ता बदलकर जा रहे हैं। एक तरफ तो कुछ इलाकों में जाम की स्थिति है तो बाकी जगह ट्रैफिक पुलिस तैनात है, लेकिन वे चालानी कार्रवाई में ही लगे हुए हैं। आईटी पार्क और बंगाली कॉलोनी पर भी जाम की स्थिति बनी। वहां भी वाहन कछुए की चाल से रेंगते रहे।

### एसटीएफ का छापा:पहली बार फैक्ट्री मेड जैसी 5 पिस्टल बरामद

**इंदौर।** इंदौर स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने कार्रवाई कर सिकलीगर गिरोह के दो कुरियर बॉय को 5 अवैध पिस्टल के साथ पकड़ा है। चौंकाने वाली बात ये है कि अब तक देसी कट्टों के लिए बदनाम सिकलीगरों के पास पहली बार फैक्ट्री मेड जैसी पिस्टल मिली हैं, जिनमें आधुनिक लॉक सिस्टम लगाए गए हैं। एसटीएफ डीएसपी राजेश चौहान ने बताया कि खंडवा में पिस्टलों की एक बड़ी डील होने की सूचना मिली थी। एसटीएफ ने 23 जनवरी को खंडवा के पदम नगर क्षेत्र में दबिश देकर दो कुरियर बॉय पवन जायसवाल (22) व राजू प्रजापति (22) को पिस्टलों के साथ पकड़ा। दोनों खरगोन के गोराड़िया गांव के बताए जा रहे हैं। वहीं उनसे कुछ दूर पीछे आ रहा मुख्य आरोपी हैप्पी सिकलीगर निवासी संग्राम फरार हो गया। यूपी व हरियाणा में हथियारों की सप्लाईजब्त पांचों पिस्टल का वजन काफी ज्यादा है। आगे नली और लॉक सिस्टम भी फैक्ट्री मेड पिस्टल जैसा है। पुलिस ने बताया कि यह पिस्टल कैसे बनाई गई, इसकी जांच जारी है।

### 24 साल में चौथी बार शुक्रवार को पड़ी बसंत पंचमी

# धार में पूजा-नमाज शांति से निपटी तो पुलिस ने किया डीजे पर डांस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बना धार की भोजशाला में बसंत पंचमी पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार भोजशाला में जहां हिंदू समाज ने पूजा-पाठ किया, वहीं कमाल मौला मस्जिद में मुस्लिम समुदाय ने जुमे की नमाज अदा की। इस बेहद संवेदनशील आयोजन के शुक्रवार को सफल समापन के बाद आज शनिवार को पुलिस ने खुशी का इजहार करते हुए डीजे पर डांस कर जश्न मनाया।



ज्ञात हो, यह आयोजन प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा था, क्योंकि कोर्ट के निदेर्शों के तहत एक ही दिन और एक ही परिसर में पूजा और नमाज दोनों कराई जानी थी। इसे देखते हुए शहर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस और प्रशासन की सतर्कता और बेहतर समन्वय के चलते पूरे शहर में शांति बनी रही और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई थीं। भोजशाला के गर्भगृह में हिंदू समाज ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां वाग्देवी की अखंड पूजा की, वहीं भोजशाला के संरक्षित परिसर के उत्तरी हिस्से में मुस्लिम समुदाय के 17 सदस्यों ने जुमे की नमाज अदा की। हिंदू समाज ने इस बार अखंड पूजन का संकल्प लिया था। इसके समर्थन में शहर के व्यापारियों ने स्वेच्छा से दुकानें बंद रखीं।

# भिक्षावृत्ति छोड़कर आत्मनिर्भर बने इंदौर के तीन भिक्षुक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर ने एक बार फिर देशभर में मिसाल कायम की है। भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनने की दिशा में किए गए प्रयासों के चलते इंदौर के 3 ऐसे भिक्षुक, जिन्होंने भीख मांगने का जीवन छोड़कर आत्मनिर्भरता की राह चुनी, अब गणतंत्र दिवस 2026 की परेड में कर्तव्य पथ पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

देशभर से चयनित 100 मेहमानों में इंदौर के कुल 5 प्रतिनिधि शामिल हैं। परेड से एक दिन पहले इन अतिथियों का केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक के साथ संवाद और सहभोज कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

इन नागरिकों के संघर्ष को सम्मान देते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने इनके दिल्ली प्रवास को हवाई मार्ग से कराने का निर्णय लिया है। प्रशासन का कहना है कि यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि सम्मान और सामाजिक पुनर्वास की पहचान है।

जिला प्रशासन, नगर निगम, संस्था प्रवेश, महिला एवं बाल विकास विभाग और श्रम विभाग के संयुक्त प्रयासों से इंदौर को देश का पहला भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाया गया है। आरती प्रजापति (11 वर्ष)- पहले सड़कों पर भीख मांगने को मजबूर, अब शासकीय स्कूल में कक्षा 4 की मेधावी छात्रा।

# इंदौर में 3 करोड़ से अधिक की 16 कारें जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की अन्नपूर्णा पुलिस ने 12 से ज्यादा लोगों की शिकायत पर सुदामा नगर निवासी संजय करीरा उर्फ कालरा के खिलाफ कारों की धोखाधड़ी के मामले में तीन दिन पहले एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने उसी दिन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

आरोपी ने गैराज खाली कराने के नाम पर दुकान मालिक को धमकाया था और 20 लाख रुपए की मांग की थी। पुलिस ने आरोपी से अब तक किराये पर लेकर बेची गई 16 से अधिक कारें जब्त कर ली हैं, जिनकी कीमत 3 करोड़ रुपए से ज्यादा बताई जा रही है।



**आरोपी किराये पर लेकर बेच देता था, पीड़ितों को पुलिस का नाम लेकर धमकाता था**

डीसीपी आनंद कल्यादगी ने शनिवार को बताया कि संजय करीरा उर्फ कालरा ने अलग-अलग करीब 16 से अधिक लोगों की कारें गिरवी रखने के साथ ही उन्हें बेच दिया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने अब तक 16 से अधिक कारें जब्त की हैं। आरोपी के अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी मिली है, जिनसे जुड़े मामलों में उससे पूछताछ की जा रही है।



### पुलिसकर्मियों के नाम से धमकाता था संजय

संजय अक्सर पुलिस कंट्रोल रूम में आता-जाता था और कई अधिकारियों के साथ उठना-बैठना करता था। उसकी क्राइम ब्रांच और कई थानों के खुफिया पुलिसकर्मियों से दोस्ती बताई जा रही है। जब कोई पीड़ित उससे अपनी कार वापस मांगता था, तो वह पुलिसकर्मियों का रौब दिखाकर उन्हें धमकाता था। उसके मोबाइल फोन में कई पुलिसकर्मियों के साथ वॉट्सऐप चैटिंग भी मिली है। इसी कारण सालों तक पीड़ितों की थाने में सुनवाई नहीं हो पाती थी, हालांकि अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है।

## खबर एक नजर...

### श्री मौनतीर्थ पीठ में सरस्वती पूजन के साथ हुई वैदिक चर्चा

**उज्जैन।** श्री मौनतीर्थपीठ में बसंत पंचमी का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ब्रह्मर्षि श्री श्री मौनीबाबा वेद विद्यालय के बटुकों द्वारा मां सरस्वती जी का पूजन करके वेद पाठ किया। इसी अवसर पर मासिक वैदिक चर्चा का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वतीजी एवं शंकराचार्य जी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की। इस अवसर पर महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीयता वेद विद्या प्रतिष्ठान के वेद के विद्वान वैदिक पं. कुंज बिहारी पाण्डेय ने वैदिक चर्चा में छात्रों को बताया कि वेद अपौरुषेय है यह किसी ऋषि के द्वारा रचित नहीं है। स्वयं भगवान के द्वारा प्रकट है। इसलिए हम वेद मंत्र के द्वारा साक्षात ब्रह्म की वाणी बोलते है और कहा कि मौनतीर्थपीठ गुरुकुल एक ऐसा स्थान है जहां नित्य त्रिकाल संध्या होती है जो ओज  और ऊर्जा का संचार करती है और जितनी ऊर्जा का हम संचय करेंगे उतना अधिक वेद मंत्रों का पठन पाठन करेंगे। ज्ञात है कि श्री मौनतीर्थपीठ के पीठाधीश्वर एवं निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी श्री सुमनानंद गिरी जी महाराज के मार्गदर्शन में वेदों के व्यापक प्रचार के लिए प्रतिमाह वैदिक चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में वेद विद्यालय के सभी छात्रों सहित सभी आचार्यगण उपस्थित रहे। पं .पाण्डेय को मौनतीर्थपीठ के अध्यक्ष एवं महा प्रबंधक हिमांशु कौशिक द्वारा शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### 83वें बलिदान दिवस पर हेमू कालानी विचार मंच ने अर्पित की पुष्पांजलि

**उज्जैन।** अमर शहीद हेमू कालानी के 83वें बलिदान दिवस पर हेमू कालानी विचार मंच द्वारा सिंधी कॉलोनी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिये दिये उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम संयोजक सुनील नवलानी, सहसंयोजक किशोर बजाज, अशोक बजाज, सुनील मखीजा, हरीश नवलानी, संरक्षक दीपक बेलानी, अरुण रोचवानी, रमेश गजरानी, महेश गंगवानी सहित कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, क्षेत्रीय पार्षद और एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत मौजूद रहे। शुरूआत अतिथियों द्वारा उद्यान में स्थापित अमर शहीद हेमू कालानी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई।

# बच्चों की माताओं ने कुमकुम से ओम, स्वस्तिक चिन्ह बनाए

### खंडेलवाल दिवस पर उज्जैन में हुआ वैश्विक समाज के लिए पूजन, हवन, प्रार्थना

### समाजसेवी के लिए ह्लसमाज रत्नह्ल, ह्लसमाज गौरवह्ल सम्मान से किया सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



विद्या-वर्धन संस्कार, बच्चों की माताओं ने कुमकुम से ओम, स्वस्तिक चिन्ह बनाएं

माँ सरस्वती का प्राकट्य दिवस बसंत पंचमी खंडेलवाल समाज द्वारा खंडेलवाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। दुर्भाग्यवश यह परंपरा कई स्थानों पर या तो लुप्त हो गई थी अथवा केवल संत सुंदरदास जयंती तक सीमित रह गई थी। खंडेलवाल तकनीकी विकास समिति, उज्जैन शाखा ने इस वर्ष एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सम्पूर्ण भारत की लगभग 300 संस्थाओं से संपर्क कर बसंत पंचमी के दिन ही खंडेलवाल दिवस मनाने हेतु प्रेरित किया। इसके परिणामस्वरूप देश-विदेश में यह दिवस पुनः खंडेलवाल दिवस के रूप में मनाने की परंपरा सशक्त रूप से पुनर्स्थापित हुई।

इसी क्रम में उज्जैन समाज द्वारा सम्पूर्ण वैश्विक खंडेलवाल समाज के कल्याण हेतु यज्ञ, पूजन एवं विद्या-वर्धन संस्कार का भव्य आयोजन प्रातः 10 से 12:30 बजे शुभ मुहूर्त में संपन्न हुआ। इस आयोजन में इंदौर, रतलाम, आगर एवं नलखेड़ा से पधारे प्रमुख समाजबंधुओं ने हवन-पूजन में सहभागिता कर आयोजन को गरिमा प्रदान की। हवन में भगवान गणेश, माँ सरस्वती, नवग्रह, नवदुर्गा स्वरूप में सभी कुलदेवियों का आव्हान कर विधिवत आहुतियाँ प्रदान की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ 9 वर्षीय बालिका गोरांशी खंडेलवाल द्वारा गणेश स्तोत्र एवं मेघा स्तोत्र के मधुर पाठ से हुआ, जिसकी स्वर लहरियों ने उपस्थित जनसमूह को माँ सरस्वती की सजीव अनुभूति करा दी। इस अवसर पर इंदौर से पधारे वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति संतोष माचिवाल एवं संध्या माचिवाल को उनकी आजीवन समाजसेवा के लिए ह्लसमाज रत्न सम्मानह्ल से सम्मानित किया गया। वहीं इंदौर के समाजसेवी कैलाश रावत, रतलाम के उद्योगपति एवं समाजसेवी उमेश झालानी, आगर से संतोष मेठी, नलखेड़ा से आशीष खंडेलवाल, उज्जैन से रामप्रकाश रामी को उनके द्वारा कुलदेवी स्थलों के निर्माण एवं संरक्षण हेतु तथा मोहन मुकुल को उनके विशिष्ट संस्कारिक ज्ञान एवं पूजन-हवन की उत्कृष्ट सम्पन्नता हेतु ह्लसमाज गौरव सम्मानह्ल से अलंकृत किया गया।

आयोजन को सफल बनाने में उज्जैन से महेश झालानी, ओमप्रकाश माचिवाल, राधेश्याम माचिवाल, रमेश गुप्ता, अजय तंबोलिया, एन.एल. गुप्ता, मुकेश मेठी, सुशील सामरिया, सत्यनारायण नाटानी, राजीव झालानी, संजय मेहरवाल, कैलाश पाबुवाल, रमेश रावत, दीपक सोखिया, महेश कासलीवाल, प्रेमनारायण हल्दिया, दीपक बडेरा, मनोहर झालानी, विनीत आकड़ सहित अनेक समाजबंधुओं का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा।

कार्यक्रम का सबसे भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक उपसंहार 2 से 10 वर्ष तक के बच्चों के विद्या-वर्धन संस्कार के रूप में हुआ। बच्चों एवं उनकी माताओं ने कुमकुम से ओम एवं स्वस्तिक चिन्ह बनाकर माँ सरस्वती से आजीवन विद्या, विवेक एवं संस्कारों का आशीर्वाद प्राप्त करने की प्रार्थना की। सम्पूर्ण आयोजन का संयोजन, प्रबंधन अशोक खंडेलवाल (चिकित्सा संसार) द्वारा किया गया।

# बोस की 129वीं जयंती पर आजाद हिंद पैनल ने श्रवण बाधितार्थ को कराया अल्पाहार

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस साहसी और स्वतंत्रता के प्रति अति उत्साहित नेता थे-पूर्व मंत्री पारस जैन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129सी जयंती पर आजाद हिंद पैनल के पदाधिकारीयो ने के हामुखेड़ी स्थित  शासकीय मुकबधिर एवं श्रवण बाधितार्थ उ.मा. विद्यालय के छात्र-छात्राओं  के बीच जाकर अल्पाहार वितरण वितरण कर स्वंम पदाधिकारी ने भी अल्पाहार किया।

अल्पाहार वितरण के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पारस जैन एवं पैनल के अध्यक्ष डॉ घनश्याम शर्मा ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घघाटन किया। तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्य मोनीका कोठारी ने मुख्य अतिथि सहित पैनल पदाधिकारी का पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पारस जैन ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान का कोई सानी नहीं है। वे एक साहसी और स्वतंत्रता के प्रति अति उत्साहित नेता थे। नेताजी सुभाषचंद्र बोस श्रीमद्भगवदगीता से गहराई से प्रेरित रहे थे, इसी कारण स्वतंत्रता, समानता, राष्ट्रभक्ति के लिए उनके संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम के अध्यक्षता पैनल के अध्यक्ष डॉ घनश्याम शर्मा ने करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस को ने नेताजी के नाम से जाना जाता है नेताजी का नाम स्वतंत्रता आंदोलन से प्रभावित होकर हिटलर ने सुभाष चंद्र बोस को नेताजी के नाम से संबोधित किया था तभी से सुभाषचंद्र बोस को नेताजी के नाम से पुकारा जाने लगा, नेताजी ने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया वह आज भी देश में हर नागरिक एवं युवाओं के दिलों पर अंकित है। नेताजी का पूरा जीवन राष्ट्रवाद मानव जाति के उच्चतम आदर्श से प्रेरित है इन्हीं आदर्श व सिद्धांतों को युवा पीढ़ी सहित छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए। अल्पाहार वितरण कार्यक्रम में पैनल के सर्व श्री महेश खंडेलवाल, महेंद्र जैन, प्रदीप वैष्णव, वीरेंद्रसिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे। मूकबधिर एवं श्रवण बधितार्थ  छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में हुए भाषण को समझने हेतु सांकेतिक भाषा का उपयोग कर शिक्षक राखी फडनिस ने अपनी भूमिका निभाई।

### जीवनदीप महिला विंग ने किया वर्ष की गतिविधियों का शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जीवनदीप महिला विंग द्वारा बसंत उत्सव के शुभ अवसर पर वर्ष की गतिविधियों का शुभारंभ 24 जनवरी को अवंती पार्श्वनाथ मंदिर, दानी गेट में अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत संघ में नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप से की गई। सामूहिक भक्ति के पश्चात आयोजित बैठक में महिला विंग द्वारा पूरे वर्ष में संचालित किए जाने वाले विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक प्रोजेक्ट्स पर विस्तार से चर्चा की गई और अगले आने वाले बड़े प्रोजेक्ट रक्तदान शिविर की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने पीले रंग के वस्त्र धारण कर बसंत उत्सव की सुंदर झलक प्रस्तुत की। जीवनदीप महिला विंग द्वारा इस सफल आयोजन हेतु सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के संयोजक पिंकी छाजेड़, राजश्री कोठारी, सीमा छाजेड़, सुलोचना कोठारी रहीं। इस दौरान टीना नाहर, आशा सेठिया, प्रफुल्ल गादिया, शैलबाला श्रीमाल, संगीता गादिया, रश्मी गादिया, मंजू गादिया, पुर्णिमा हरकावत, चेतना घिया, आशा पालेचा, कांता बाठिया, परिधि दाता, मेघना नाहर, प्रीति दुग्गड़, शीला श्रीमाल, मंजुला जैन अरूणा मेहता आदि मौजूद रहीं। यह जानकारी श्वेता चोपड़ा ने दी।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर किया प्रतिभाओं का सम्मान

### बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ सुरक्षित रहने हेतु किया जागरूक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पी.सी. गुप्ता के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिरण के सचिव मनोज कुमार भाटी के नेतृत्व में ह्लह्लराष्ट्रीय बालिका दिवसह्लह्ल के उपलक्ष में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन शासकीय कन्या एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराफा मे किया गया।

शिविर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नगर विकास समिति एवं अवनीश्री जन कल्याण शिक्षण संस्था द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अभिभाषक शेखर श्रीवास्तव, डॉ राजेश रावल परामर्शदाता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, प्राचार्य मुकेश त्रिवेदी, पीएलवी एवं नगर विकास समिति अध्यक्ष प्रियंका जोशी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती जी के पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा संस्था की सदस्यगण पूनम दुबे, प्रतिष्ठा दुबे, अनीता शास्त्री, ज्योति व्यास, रक्षा पालीवाल, रत्ना त्रिवेदी, संतोषी जोशी आदि का स्वागत किया गया। उसके पश्चात डॉ रावल ने बालिकाओं को कैरियर परामर्श प्रदान किया। जिसमें उन्होंने बताया के विषय चुनाव अपनी रुचि के आधार पर करें। उसके पश्चात पीएलवी प्रियंका जोशी ने स्वास्थ्य एवं विधिक जागरूकता हेतु बालिकाओं के साथ सक्रिय संवाद किया उन्होंने शासन द्वारा बालिकाओं के लिए चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी एवं पोक्सो एक्ट को विस्तृत रूप से समझाया। अंत में वरिष्ठ अभिभाषक श्रीवास्तव ने संविधान में वर्णित प्रमुख अनुच्छेद जो की बालिकाओं के हित में है उनका विस्तृत रूप से समझाया साथ ही बाल अधिकार संरक्षण कानून को भी समझाया। आपने बताया कि बाल अपराध में पहचान गोपनीय रखी जाती है साथ ही विशेष न्यायालय में शीघ्र सुनवाई की जाती है। उद्बोधन के बाद सम्मान समारोह में विद्यालय से जिले में प्रथम रही कनक शर्मा का सम्मान किया गया साथ ही दसवीं कक्षा से चेतन, सिमरन एवं चाहत अन्य विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया।

## खबर एक नजर...

### जीवनदीप महिला विंग ने किया वर्ष की गतिविधियों का शुभारंभ

**उज्जैन।** जीवनदीप महिला विंग द्वारा बसंत उत्सव के शुभ अवसर पर वर्ष की गतिविधियों का शुभारंभ 24 जनवरी को अवंती पार्श्वनाथ मंदिर, दानी गेट में अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत संघ में नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप से की गई। सामूहिक भक्ति के पश्चात आयोजित बैठक में महिला विंग द्वारा पूरे वर्ष में संचालित किए जाने वाले विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक प्रोजेक्ट्स पर विस्तार से चर्चा की गई और अगले आने वाले बड़े प्रोजेक्ट रक्तदान शिविर की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने पीले रंग के वस्त्र धारण कर बसंत उत्सव की सुंदर झलक प्रस्तुत की। जीवनदीप महिला विंग द्वारा इस सफल आयोजन हेतु सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के संयोजक पिंकी छाजेड़, राजश्री कोठारी, सीमा छाजेड़, सुलोचना कोठारी रहीं। इस दौरान टीना नाहर, आशा सेठिया, प्रफुल्ल गादिया, शैलबाला श्रीमाल, संगीता गादिया, आशा पालेचा, कांता बाठिया, परिधि दाता, मेघना नाहर, प्रीति दुग्गड़, शीला श्रीमाल, मंजुला जैन अरूणा मेहता आदि मौजूद रहीं। यह जानकारी श्वेता चोपड़ा ने दी।

# भारत की ज्ञान परम्परा से जीवन को विकसित करें : स्वामी आनन्द जीवनदास

### माधव कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रतिभा उत्सव हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रतिभा उत्सव "परम्परा" आयोजित किया गया। स्वामी स्वामी आनंदजीवन दास चेयर के तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभा उत्सव के समापन पर स्वामिनारायण आश्रम के महंत आनंद जीवन दास ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्री कृष्ण एवं उनके गुरु महर्षि सांदीपनि की यह भूमि है।

हम अपने उत्थान के लिए यहां आए हैं। हमारे जीवन का उद्देश्य समाज की सेवा करना है। हमारी संस्कृति में शिक्षा प्रणाली में जीवन जीना सिखाया जाता था। ऋषि मुनियों ने वेद और पुराण की विद्या का पाठ पढ़ाया। हमारी संस्कृति की शिक्षा हमें मानव बनाती है। आज की शिक्षा केवल पैसा कमाने पर जोर दे रही है। हमें खुद को संवारने पर आधारित शिक्षा देना चाहिए। हमें ध्यान करना चाहिए। इससे हमारी आत्मिक शक्ति बढ़ती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के सचिव और उद्भट विद्वान डॉ विरूपाक्ष जड्डीपाल ने कहा कि यह आप का सौभाग्य है कि यह महाविद्यालय उज्जैन में गुरु सांदीपनि के आश्रम के पास स्थित है। भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए यह पीठ तैयार की गई है। भारत माता रत्नगर्भा है। हमारी संस्कृति की जड़ भाषा में है। हम जो भी भाषा बोलते हैं, उसमें भी विज्ञान है। इस दौड़ती भागती दुनिया में हमे याद रखना चाहिए कि ज्ञान शरीर का गुण नहीं होता है, बल्कि आत्मा का है। आत्मा में जो ज्ञान आ गया, वह हमेशा के लिए स्थापित रहता है। आप सभी ज्ञान परम्परा के वाहक हैं। इस को फैलाने के लिए आप को कार्य करना चाहिए। गीतांजलि महाविद्यालय, भोपाल की प्राचार्य डॉ जयश्री मिश्रा ने कहा कि बसन्त में देवता भी धरती पर उतर आते हैं। लन्दन से आए तुषार पटेल ने कहा कि उज्जैन कालातीत ज्ञान और संस्कृति का केंद्र है। डॉ. अल्पना उपाध्याय ने कहा कि इस पीठ की स्थापना भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए हुई है। हमारा शोध भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित होना चाहिए। प्राचार्य डॉ कल्पना सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान को हमारे अतिथि विदेश तक फैला रहे हैं। परम्परा को अतीत के आलोक में प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान को हमने बढ़ावा दिया और भौतिक विकास किया, लेकिन अपने मूल्यों से हम दूर हो गए हैं। इस पीठ की स्थापना द्वारा हम मूल्य आधारित शिक्षा देना चाहते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। आभार डॉ नीता तोमर ने व्यक्त किया। कला संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी वाणिज्य से नंदिनी दुबे विज्ञान संकाय से पायल राठी, साक्षी जाट, युवा उत्सव में देव परमार, मनीषा मंडलोई, राजेश आंजना, मयंक परमार, रवीना राठौर को सम्मानित कर नगद पुरस्कार दिए गए।

# निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान का शुभारंभ आज

### प्रातः 11.30 बजे विद्या भारती भवन, चिंतामन रोड पर होगा शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "हृदिल से कहो अपने मोहन जी है न" निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आज रविवार को विद्या भारती भवन, चिंतामन रोड पर किया जायेगा।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि उज्जैन जिले सहित समूचे क्षेत्र में बढ़ती हृदयाघात की घटनाएं एवं बढ़ते हृदय रोगों की दृष्टि से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की प्रेरणा से उक्त अभियान संपूर्ण जिले में चलाया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ डॉ मोहन यादव के करकमलों से किया जायेगा। इस अभियान में उज्जैन, इंदौर, देवास, भोपाल के 11 अशासकीय अस्पतालों का समूह उज्जैन जिले के 100 से अधिक स्थानों पर शिविरों का आयोजन करेगा। इस अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम में हृदय रोग विशेषज्ञ हृदय रोगों के उपचार एवं बचाव पर विषय पर व्याख्यान करेंगे करेंगे, साथ ही आयुर्वेदिक पद्धति से हृदय रोगों का बचाव किस प्रकार किया जा सके इस पर भी शुभारंभ अवसर पर चर्चा की जाएगी। शुभारंभ अवसर पर जिले भर से जुड़े स्वास्थ्य के क्षेत्र में एवं शिविर में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को शिविर हेतु उपयोगी सामग्री का वितरण भी माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर अभियान में सहयोग करने अस्पताल प्रबंधक, संचालकों का सम्मान भी किया जायेगा।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सत्यनारायण जटिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, पूर्व विधायक पारस जैन,

# आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज की अष्ट द्रव्य से संगीत में पूजा की गई

### तपोभूमि प्रणेता आचार्य 108 श्री प्रज्ञा सागर जी मुनिराज के चतुर्थ आचार्य पदारोहण दिवस पर आचार्य श्री की भव्य आरती पूजा कर चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज के परमशिष्य तपोभूमि प्रणेता आचार्य 108 श्री प्रज्ञा सागर जी मुनिराज के चतुर्थ आचार्य पदारोहण दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बोर्डिंग में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम भगवान का अभिषेक शांति धारा के पश्चात प्रांगण में पाण्डुकशिला पर भगवान को विराजित किया गया तथा वहां पर मंडल विधान के समक्ष मंडल जी की पूजा की गई आचार्य विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज की पूजा की गई तत्पश्चात आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज की पूजा की अष्टाद्रव्य से भक्ति भावपूर्वक धूप दीप चावल श्रीफल बादाम लोंग आदि सामग्री से संगीत मय की गई आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज का चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन अतिथियों द्वारा किया गया पधारे हुए अतिथियों का सम्मान एवं संपूर्ण समाज का स्वल्पाहार भी आयोजित हुआ

सचिन कासलीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में आचार्य छत्तिसि विधान- प्रातः 8.00 बजे से विधान के पश्चात आचार्य श्री का चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन,अशोक जैन चायवाला दिनेश जैन सुपर फार्मा, संजय जैन बड़जात्या स्नेहलता सोगानी, इंद्रमल जैन राजेश जैन कुंभराज धर्मेंद्र सेठी, नीरज जैन सोगानी जीवनदर जैन, इंद्रमल जैन,हितेश जैन, गिरीश बिलाला, देवेंद्र जैन सचिन कासलीवाल, पलाश जैन नितिन दोशी, महेंद्र गंगवाल पवन बोहरा, दिनेश जैन वेद जी किया गया आचार्य श्री की संगीतमय पूजन भी किया श्री शांतिनाथ दि. जैन मन्दिर, जैन बोर्डिंग, फ्रीगंज संपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुआ

कार्यक्रम में विशेष रूप से संस्थापक अध्यक्ष अशोक जैन चायवाला,अध्यक्ष दिनेश जैन (सुपर फार्मा),सचिव संजय नीलू बड़जात्या,कोषाध्यक्ष,कार्याध्यक्ष इंदरमल जैन,उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सेठी, राजेंद्र रेखा लुहाड़िया,सहसचिव हितेश मनीषा जैन,सह कोषाध्यक्ष गिरीश चंदा बिलाला, गुरुकुल प्रभारी राजेंद्र लुहाड़िया, अनिल बुखारिया, सुशील गोधा, ओम जैन, संजय जैन, अतुल जैन,ग्रंथालय प्रभारी अनिल कासलीवाल,मंदिर व्यवस्था प्रभारी विमल जैन,अनिल जैन,संरक्षक कमल मोदी,पवन बोहरा सुनील जैन (ट्रांसपोर्ट) एवं प्रज्ञा कला मंच अध्यक्ष निशि जैन,सचिव रश्मि सेठी,प्रज्ञा युवा मंच अध्यक्ष पलाश लुहाड़िया, सचिव निखिल विनायक, प्रज्ञा पुष्प मंच अध्यक्ष अवनी जैन, सचिव तनिषा जैन प्रज्ञा बाल मंच अध्यक्ष काव्य सेठी, सचिव आराध्य जैन,व तपोभूमि परिवार जैन समाज,सकल दिगंबर जैन समाज एवं

कार्यक्रम का निवेदक श्री महावीर तपोभूमि ट्रस्ट एवं परिवार, उज्जैन,श्री सकल दि. जैन समाज, उज्जैन एवं राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार, उज्जैन द्वारा किया गया 26 जनवरी पर होगा तपोभूमि पर भगवान महावीर स्वामी का महामस्तकाअभिषेक होगा आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य के सानिध्य में महामस्तकाअभिषेक में देशभर से गुरुभक्त होंगे सम्मिलित उज्जैन श्री महावीर तपोभूमि पर आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज मुनि श्री श्रमण सागर जी महाराज एवं मुनि श्रीओंकार सागर जी महाराज के सानिध्य में इस बार महामस्तकाअभिषेक 2026 भव्य रूप से आयोजित होगा जिसमें देश भर से लोग श्री महावीर तपोभूमि पहुंचेंगे अभिषेक प्रक्रिया प्रातः 9:00 बजे से प्रारंभ हो जाएगी

# प्रबुद्ध वर्ग के देश की उन्नति में योगदान से ही भविष्य का निर्माण होता है- रजत मेहता

### तिरंगा झंडा और तिरंगे पट्टे का किया वितरण

### जज्बा का घर घर तिरंगा अभियान, तिरंगा झंडा और तिरंगे पट्टे का किया वितरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उक्त उदगार एम आई सी सदस्य रजत मेहता ने व्यक्त किए। आप गणतंत्र दिवस के अवसर पर जज्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा तोपखाना में आयोजित तिरंगा झंडा और तिरंगे पट्टे का वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर आजादी के आंदोलन को याद करते हुए आपने शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर अजय तिवारी, सराफा मंडल अध्यक्ष ने जज्बा की गतिविधियों को बहुत प्रासंगिक बताते हुए संस्था के शिक्षा, सामाजिक उत्थान और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। संस्था के जमीर उल हक ने अध्यक्षता करते हुए देश की आजादी के लिए हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और सर्व समाज के योगदान को अविस्मरणीय बताया। जज्बा के फरीद कुरेशी ने जज्बा द्वारा किए जा रहे कार्यों का विवरण दिया गया।

सादिक खान और अरशद खान ने बताया कि कार्यक्रम के आरम्भ में स्वागत भाषण इंजीनियर सरफराज कुरेशी ने दिया। शहाब उद्दीन भूरू शेख और अत हर आलम अंसारी के अनुसार कार्यक्रम का संचालन नईम खान ने किया।

# 27 कर्मचारियों का निःशुल्क बीमा करवाया

### भारत पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 50 वर्ष पूर्ण होने पर डिलेवरी बॉय, उपभोक्ताओं का किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के 50 वर्ष पूर्ण होने पर, क्षिप्रा गैस एजेंसी पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

24 दिसंबर को भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को सफलता पूर्ण 50 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण भारतवर्ष के वितरकों ने बड़े उत्साह के साथ कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसी कड़ी में स्थानीय वितरक मे. क्षिप्रा गैस एजेंसी द्वारा भी अपने पांच पुराने डिलीवरी बायो एवं सबसे पहले पांच उपभोक्ताओं का शाल श्रीफल से सम्मान किया एवं केक काटकर मिठाइयों का वितरण किया। संस्था के प्रोपराइटर सुनील हुकमचंद कछवाय ने बताया कि कंपनी द्वारा "भारत आरोग्य योजना" के अंतर्गत 27 कर्मचारियों का निःशुल्क बीमा करवाया गया जिसमें उन्हें पर्सनल एक्सीडेंट कवरेज, हेल्थ कवरेज, मातृत्व सामान्य प्रसव, आंखों का उपचार, एवं सी सेक्शन आदि योजनाओं का लाभ मिलेगा। उक्त योजना एचडीएफसी ईआरजीओ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ भारत पेट्रोलियम का संबंधता के कारण किया गया। श्री कछवाय ने बताया कि इस अवसर पर कंपनी के उज्जैन सेल्स एरिया के वरिष्ठ विक्रय अधिकारी विजय मीणा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाएं

**उज्जैन।** सैंट मदार कान्वेंट स्कूल मदार गेट में विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने शानदार मॉडल बनाएं। निर्णायकों के लिए निर्णय लेना कठिन हो गया।

प्राचार्य दरक्षा खान एवं समिति अध्यक्ष शहजाद खान ने बताया प्रदर्शनी का शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने अवलोकन किया। स्टूडेंट ने बेहतरीन मॉडल बनाएं। अतिथियों ने स्टूडेंट को शानदार मॉडल बनाने के लिए बधाई दी। उस्मान मुल्तानी, अब्दुल खालिक रीना तिवारी, नाजिया अहमद, शकील अहमद, मोहम्मद अनीस, शिक्षाविद अलवीरा अहमद, सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के मार्गदर्शक इकबाल उस्मानी, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल, शाकिर शेख आदि ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्कूल स्टाफ श्रुति सिसोदिया, कीर्ति भगवती, रमशॉ खानम, मेहर नाज, मिस्बाह अंसारी ने अतिथियों का अभिनंदन किया। जानकारी सहायक प्राचार्य शिरीन खान ने दी।

### मुख्य प्रवेश द्वार पर मुख्यमंत्री का करेंगे अभिनंदन

उज्जैन। जिला प्रशासन एवं रिदम क्लब के सहयोग से आज 25 जनवरी, रविवार को प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक तरणताल से कोठी पैलेस मार्ग पर राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री महाराष्ट्र समाज, उज्जैन की ओर से कालिदास अकादमी के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने स्वागत मंच स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सफल कार्यकाल के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंच से उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। साथ ही मंच से स्वर मराठी संस्था द्वारा एक सांस्कृतिक गायन कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा।

# बसंत पंचमी पर हुआ कथा पंडाल, पंडाल स्थल का भूमि पूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

युवा मंच सत्संग समिति एवं हिरदेश्वर सामाजिक कल्याण सेवा समिति द्वारा श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर पंचकोशी यात्रा का प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल पर 10 दिवसीय शिखर पर कलश स्थापना महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत श्री शिव शक्ति महायज्ञ का ध्वजारोहण किया गया।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि 6 फरवरी प्रातः 11 बजे भव्य कलश यात्रा मायावती हनुमान मंदिर सामाजिक न्याय केंद्र परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से चामुंडा माता चौराहा, देवास गेट, मालीपुरा, दौलतगंज, फव्वारा चौक, नई सड़क, क्षीरसागर से कोयला फाटक होती हुई कथा स्थल पर पहुंचेगी। तत्पश्चात उपस्थित भक्तों का महाप्रसाद भी रखी गई है। संगीतमय



शिव महापुराण कथा कथाव्यास वैदिक पंडित प्रदीप संजा जी महाराज भाई जी के मुखारविंद से 7 फरवरी प्रातः 11 से 2 बजे आरती की जावेगी एवं संगीतमय श्री राम कथा कथाव्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी भागवतानंद गिरिजी महाराज (बापूजी) के मुखारविंद से की जावेगी। अजीत मंगलम ने बताया की उक्त कार्यक्रम हेतु पंडाल स्थल का भूमि पूजन बसंत पंचमी 23 जनवरी प्रातः 10:30 बजे क्षेत्रीय पार्षद रेखा मांगीलाल कड़ेल, भारत स्वर्णिम मंच अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव, रितेश वर्मा, विजय चौहान, मंडल अध्यक्ष दौलतगंज भाजपा, नेता प्रतिपक्ष रवि राय द्वारा ध्वज पूजन कर ध्वजारोहण किया। साथ ही कथा पंडाल का भूमि पूजन श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर पंचकोशी यात्रा का प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास संपन्न किया गया।

## कांग्रेस सेवादल का संभागीय सम्मेलन सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के निदेर्शानुसार शहर जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल उज्जैन द्वारा कांग्रेस सेवादल का संभागीय सम्मेलन राजीव गांधी भवन, कांग्रेस कार्यालय, क्षीरसागर उज्जैन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाषचंद्र बोस, कांग्रेस सेवादल के संस्थापक एन.एस. हार्डीकर एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया गया। सम्मेलन में प्रदेश मुख्य संगठक श्री अवनीश भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता संभागीय प्रभारी श्री अरुण रोचवानी ने की। विशेष अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश भाटी, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष श्री गजानंद तिवारी, महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संगीता कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष मीनाक्षी जायसवाल, उज्जैन शहर सेवादल प्रभारी लक्ष्मी नारपाठक एवं ग्रामीण प्रभारी किशोर दुधिये उपस्थित रहे। प्रदेश मुख्य संगठक श्री अवनीश भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में वर्ग (शाखा) लगाना, प्रभात फेरी निकालना तथा आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझते हुए समाधान के प्रयास करना कांग्रेस सेवादल का मुख्य दायित्व है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवादल कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है तथा कांग्रेस की विचारधारा गांधी की विचारधारा है, जिसे आम जनता तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

## बसंत पंचमी पर गढ़कालिका माता को अर्पित किये 56 भोग




उज्जैन। बसंत पंचमी के अवसर पर गढ़कालिका माता को 56 भोग अर्पित किये गये। गढ़कालिका मंदिर में पूर्व गादीपति स्व. महंत दीपकनाथ जी की पत्नी मुख्य पुजारी टीनानाथ और उनके पुत्र वर्तमान गादीपति आदित्यनाथ द्वारा 56 भोग का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और आयोजन का लाभ लिया।

## श्री वल्लभ युगल लीग क्रिकेट मैच आज

### महिला पुरुष की टीमों के बीच होगा मुकाबला

उज्जैन। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के संस्थापक विठ्ठल नागर के नेतृत्व में प्रथम बार महिला पुरुष का क्रिकेट लीग मैच आज ग्लोबल अकैडमी सावेर रोड दो तालाब के पास आयोजित किया जाएगा।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मुख्य अतिथि राजेंद्र शाह एवं विशेष अतिथि नितिन शाह के आतिथ्य में मैच आज 25 जनवरी प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। पश्चात अतिथि एवं विशेष अतिथि द्वारा विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की जाएगी।

टीम 1 ग्रीन रेंजर में कोच विठ्ठल नागर - संगीता नागर, कोच राजेंद्र शाह-पारुल शाह, कप्तान - अलेश नीमा ऋचा नीमा, हेमंत नागर - वर्तिका नागर, पियूष नागर- रेखा नागर, अमित नागर-दीपा नागर, विशाल नीमा- नूपुर नीमा, विजय जोशी, अनिल गुप्ता- बबीता गुप्ता, नितिन नीमा - चित्रा नीमा, टीम - 2 ब्लू राइडर में कोच- आनंद पुरोहित-मीना पुरोहित, कोच- दीपक राजवानी-हंसा राजवानी, कप्तान - वरुण नागर- मनीषा नागर, सौरभ नीमा -मयुरी नीमा, यश नागर-दिव्यांशी नागर, रितेश चौरसिया - पूजा चौरसिया, दिलीप मित्तल -नीलू मित्तल, हिमांशु दिसावल -ममता दिसावल, रवि राणा- चहेती राणा, सुमित गर्ग - पूनम गर्ग, टीम - यलो वॉरियर्स में कोच- हेतल शाह-पराग शाह, कोच - मनीष नागर - पवित्र नागर, कोच- कामिनी शाह- दिपेश शाह, कप्तान - रितेश नागर-ममता नागर, अर्पित नीमा -प्रीति नीमा, राजेंद्र अग्रवाल- मंजू अग्रवाल, अपूर्व नागर - आरती नागर, रवि श्री माली - ऋतु श्रीमाली, राहुल नागर - पल्लवी नागर, अशोक अग्रवाल - गीता अग्रवाल, अमीश नीमा -कविता नीमा, टीम - ब्लैक पैंथर में कोच - जयेश श्रॉफ - कविता श्रॉफ, कोच - अमर दिसावल-ममता दिसावल, कप्तान - रवि नागर- चेष्टा नागर, करन नागर - साक्षी नागर, नितेश नागर - पिंकी नागर, विश्वास नागर- प्रज्ञा नागर, पंकज अग्रवाल -रूपाली अग्रवाल, अतुल नागर - उन्नति नागर, शैलेंद्र गांधी- रुचि गांधी, आभास शर्मा - लक्ष्मी शर्मा हिस्सा लेंगे।

### 8वीं राष्ट्रीय मास्टर गेम्स में मध्यप्रदेश के 12 खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे

**उज्जैन।** 8वीं राष्ट्रीय मास्टर गेम्स कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र के पुणे में 26 से 30 जनवरी तक किया जाएगा। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से 25 टीमें हिस्सा लेंगी। मध्यप्रदेश की मास्टर कबड्डी टीम इस बार मंदसौर के दिग्गज खिलाड़ी राजेंद्र यादव के नेतृत्व में मैदान में उतरेगी। कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोकम सिंह पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश कबड्डी टीम उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 से बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेकर पुणे के लिए रवाना हुई। टीम की रवानगी के दौरान संयुक्त मोर्चा कर्मचारी संगठन द्वारा खिलाड़ियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उत्साहवर्धन किया गया और उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक पुरुषोत्तम राठौड़ ने खिलाड़ियों को खेल किट वितरित की गई। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों के दल की घोषणा की गई है, जिसमें कप्तान के रूप में राजेंद्र यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मध्यप्रदेश मास्टर कबड्डी टीम में राजेंद्र यादव (कप्तान, मंदसौर), दुर्लभराम खटोलिया (उज्जैन), विजयनाथ योगी (उज्जैन), नारायण सिंह गेहलोत (उज्जैन), विपिन जोशी (इंदौर), महेंद्र गौड़ (इंदौर), देवकीनंदन गौड़ (इंदौर), ओमप्रकाश बेड़ा (इंदौर), मन्नालाल बिंदोर (इंदौर), रामप्रकाश गौतम (इंदौर), सुनील ठाकुर (इंदौर) शामिल होंगे। प्रदेश की मास्टर कबड्डी टीम का प्रदर्शन बीते वर्षों में लगातार उत्कृष्ट रहा है। वर्ष 2024-25 में गोवा में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीम ने स्वर्ण पदक जीता था।

## लेह लद्दाख में जून में आयोजित किया जाएगा प्रथम सिंधु कुंभ

# 30वी सिंधु दर्शन यात्रा का आयोजन प्रथम सिंधु कुंभ के रूप में लेह लद्दाख में आयोजित किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रतिवर्ष के अनुसार जून माह में आयोजित होने वाली लेह लद्दाख स्थित सिंधु नदी के दर्शन हेतु 30वीं सिंधु दर्शन यात्रा को इस वर्ष प्रथम सिंधु कुंभ के रूप में आयोजित की जाएगी।

सिंधु दर्शन यात्रा समिति की बैठक में तय किया गया कि इस वर्ष इस सिंधु उत्सव में पूरे प्रदेश से लगभग 500 यात्री शामिल होंगे। यह यात्रा 17 जून को उज्जैन से रवाना होकर 18 जून को कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। 18 जून की रात को कुरुक्षेत्र से मनाली के लिए प्रस्थान करेगी। 19 जून को मनाली भ्रमण कर-के 20 जून को मनाली से अटल टनल होते हुए केलांग में रात्रि विश्राम करेंगे। 21 जून को बारालाचा-पास, तंगलांगला-पास, व सरच, होते हुए रात में लेह पहुंचेंगे। 21 जून से 26 जून तक लेह में सिंधु कुंभ का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत कई वरिष्ठ संतो के प्रवचन, सिंधु नदी पर बढ़ाना साहब एवं सनातन धर्म की पूजा, सिंधु नदी की पूजा, लोकल साइड से कई सारे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तत्पश्चात 27 जून को यह यात्रा जम्मू के लिए रवाना होगी। जिसके अंतर्गत गुरु द्वारा पत्थर साहब सिंधु संस्कार संगम मैग्नेटिक हिल होते हुए रात में कारगिल में विश्राम होगा। 28 जून को यह यात्रा कारगिल से निकल के कारगिल वॉर मेमोरियल होते हुए रात में श्रीनगर पहुंचेगी। 29 जून को श्रीनगर में लोकल भ्रमण करके 30 जून को यह यात्रा श्रीनगर से जम्मू प्रस्थान करेगी तथा शाम तक जम्मू पहुंच करके यह यात्रा समाप्त होगी। इस यात्रा में शामिल होने के लिए सिंधु दर्शन यात्रा समिति के राष्ट्रीय मंत्री पुनीत सांखला, सिंधु दर्शन यात्रा समिति के राष्ट्रीय कार्यक्रम के सदस्य प्रकाश चित्तौड़ा, प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, प्रांतीय महामंत्री कन्हैयालाल शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष उषा पवार, वीरेंद्र राजपूत, जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पाठक से संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द करवा सकते हैं।

## अन्नपूर्णा मॉन्टेसरी हाई स्कूल में मनाया 34वां वार्षिक उत्सव

उज्जैन। अन्नपूर्णा मॉन्टेसरी हाई स्कूल का 34वाँ वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी गईं।

विश्व बैंक कॉलोनी, सांदीपनी नगर स्थित अन्नपूर्णा मॉन्टेसरी हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालुखेड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 17 की पार्षद राखी मांगीलाल कडेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्राचार्य अनीता बागरवाल ने अतिथियों का स्वागत किया एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर एक नजर...

### सनावदा में आनंद उत्सव खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**पिपलिया मंडी।** 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे माध्यमिक विद्यालय सनावदा में आनंद उत्सव खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम पंचायत सनावदा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सामंत सिंह शक्तावत मंडल पिपलिया मंडी एवं कमलेश पाटीदार बालागुड़ा जनपद सदस्य एवं महिला बाल विकास शिक्षा और स्वास्थ्य समिति सदस्य जनपद पंचायत मल्हारगढ़ व पूर्व भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष मंडल पिपलिया मंडी प्रकाश पाटीदार सरपंच प्रतिनिधि सांसद आदर्श ग्राम पंचायत बालागुड़ा पंकज पाटीदार जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 1 जनपद पंचायत मल्हारगढ़ श्रीमती पपीता आशीष पाटीदार सरपंच ग्राम पंचायत सना दा लाल सिंह शक्तावत सचिव सांसद आदर्श ग्राम पंचायत बालागुड़ा दशरथ आर्य सचिव ग्राम पंचायत उमरिया कमल दास बैरागी सचिव ग्राम पंचायत बरखेड़ा जयसिंह तंवर सिंह शक्तावत सहायक सचिव ग्राम पंचायत सनावदा नरेंद्र सिंह शक्तावत ग्राम पंचायत उमरिया उप सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर लाल धनगर ग्राम पंचायत सनावदा भाजपा कार्यकर्ता फकीरचंद धनगर नेमीचंद जैन पंच प्रजापत व समस्त पंचगण एवं नन्हे मुन्ने बच्चे विद्यालय के व समस्त विद्यालय का स्टाफ गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### भड़भड़िया फंटे पर ट्राले ने बाइक को कुचला, दो युवकों की दर्दनाक मौत

**नीमच।** शहर के बाहरी क्षेत्र में बाईपास हाईवे बाईपास पर भड़भडिया फंटे पर बुधवार शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया । जिसमें एक तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक ट्राले के नीचे दब गए, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में मृतक- य क सरवानिया निवसी गोविंद रेगर 22 वर्ष एवं सोहन सिंह निवासी सरवानिया एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे । जिनकी दुर्घटना में दुखद मौत हो गई।ग्रामीण प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्राला नंबर एन एल 01ए एच 0720 तेज गति में था और सामने से आ रही बाइक नंबर आर जे 09 2 एम 5550 को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक ट्राले के नीचे फंस गए। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। फंसे युवकों को न जैसीबी मशीनों और एक क्रेन की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशनचलाकर कड़ी मशक्कत के बाद शव निकाल कर जिला अस्पताल पहुंच गए । पुलिस ने युवकों के शव को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए। वहीं परिजनों ने दुर्घटना में मृतक मजदूर युवको के परिवार को आर्थिक सहायताक देने की प्रशासन से मांग की।

### गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न, 16 प्लाटूनों ने दिखाया अनुशासन

**मन्दसौर।** आगामी 26 जनवरी को आयोजित होने वाले जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए शनिवार को राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय के क्रीड़ा परिसर में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल संपन्न हुई। 26 जनवरी को मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। शनिवार को सुबह ठीक 9 बजे आयोजित फाइनल रिहर्सल का अवलोकन कलेक्टर अदिती गर्ग और एसपी श्री विनोद कुमार मीना ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन और एएसपी तैरसिंग बघेल भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था और सुरक्षा मानकों का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।रिहर्सल के दौरान कुल 16 प्लाटूनों ने अत्यंत अनुशासित और समन्वित परेड का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं, जिनमें राष्ट्रप्रेम और एकता की झलक दिखाई दी।

# स्वयं का आत्ममंथन करें, स्वयं के अंदर बेस्ट को खोजे और अपने करियर का चुनाव करे : एएसपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के जनहितैषी अभियान ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश के अंतर्गत सैलाना विकासखंड में सेक्टर-स्तरीय ग्रामोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। नवाकुंर संस्था भागीरथ रूरल अवेयरनेस थिंकर्स फाउंडेशन द्वारा विकासखंड के प्रतिभावान विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

ग्रामोत्सव के अंतर्गत करियर परामर्श व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश खाखा, विशेष अतिथि थाना प्रभारी पिंकी आकाश, कार्यक्रम अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय सैलाना के प्राचार्य डॉ. आर.पी. पाटीदार, विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय एवं विकासखंड समन्वयक रतनलाल चरपोटा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बसंत पंचमी व नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम माँ सरस्वती की वंदना एवं पूजन के साथ नेताजी सुभाषचंद्र बोस को माल्यार्पण किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर ग्रामोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात नवांकुर संस्था के हरीश सिलावट द्वारा अतिथि स्वागत उद्बोधन किया गया व विकासखण्ड समन्वयक रतनलाल चरपोटा द्वारा कार्यक्रम की रुपरेखा रखी गयी।

जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने जन अभियान परिषद की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि परिषद निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में नेतृत्व विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक चेतना को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

कॉलेज की छात्राओं द्वारा एकल व सामुहिक राष्ट्र भक्ति गीत के पश्चात मुख्य अतिथि एएसपी श्री राकेश खाखा ने विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन को लेकर अपने व्यक्तिगत जीवन के अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों को स्वयं का आत्ममंथन कर ,स्वयं के अंदर के व्यक्तित्व को पहचानकर अपने भविष्य के लिए अपना करियर चुनने की सलाह दी। उन्होंने चर्चित पुस्तक ₹सीक्रेट स्टोरीज₹ से जुड़े अनुभव भी साझा किए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य स्पष्ट हो तो कठिन परिस्थितियाँ भी सफलता की सीढ़ी बन जाती हैं। युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर परिश्रम को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.पी. पाटीदार ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए, स्वतंत्रता आंदोलन में विशेष भुमिका का उल्लेख किया । जन अभियान परिषद के ग्रामोदय अभियान को ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने वाला सशक्त प्रयास बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

### 12 किलो अफीम की तस्करी में आरोपी को 12 वर्ष का कारावास और जुर्माना

मन्दसौर। अतिरिक्त विशेष न्यायालय (एनडीपीएस एक्ट) मंदसौर ने अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी के मामले में आरोपी रामनिवास मालवीय (50) निवासी मेलानखेड़ा (नीमच) को दोषी पाते हुए 12 वर्ष के सश्रम कारावास और डेढ़ लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन मीडिया प्रभारी बलराम सौलंकी ने बताया कि घटना दिनांक 24 दिसंबर 2018 को नारकोटिक्स सेल इंदौर (प्रकोष्ठ मंदसौर) की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बोतलगंज के पास नाकाबंदी की थी। पुलिस ने एक सफेद रंग की सेंट्रो कार आरजे 14सीजी 4456 को रोककर तलाशी ली, जिसमें से 12 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।

## 1.40 करोड़ की लागत से सीसी रोड कार्यों का हुआ भूमिपूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

नगरपालिका परिषद मंदसौर शनिवार को नई आबादी और उत्कर्ष विद्यालय क्षेत्र में लगभग 1.40 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले डामरीकरण, सीसी रोड और नाला निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

वार्ड क्र. 9 नई आबादी में लगभग 70 लाख रु. की लागत से डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह कार्य गुप्ता कचोरी चौराहे से श्री गोपाल कृष्ण पाटिल के निवास तक, भारत प्लाजा से डॉ. विरेन्द्र गांधी के अस्पताल तक एवं गुप्ता कचोरी से पोस्ट ऑफिस चौराहे तक किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने की। कार्यक्रम में आभार पार्षद निलेश जैन ने व्यक्त किया


इसी प्रकार मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं विकास योजना के अंतर्गत वार्ड क्र. 12 में उत्कर्ष विद्यालय से होटल भगत पैलेस तक सीसी रोड और आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। लगभग ७० लाख की लागत वाले इस कार्य के दौरान राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि यह सड़क काफी समय से प्रतीक्षित थी, जिसके बनने से क्षेत्र का आवागमन सुगम होगा। कार्यक्रम में आभार पार्षद सुनीता अशोक भावसार ने माना। इन कार्यक्रमों में भाजपा नेता विजय सुराणा, शिवपाल सिंह राणा, पारस मावर, समाजसेवी बलवंत सिंह नारंग आदि की उपस्थिति रही।

### 1020 किलोग्राम मछली जप्त, पिकअप वाहन चालक गिरफ्तार

**मंदसौर।** जिले के भानपुरा थाना क्षेत्र के लेदी चौराहा से आगे ग्राम औसारा की तरफ आम रोड़ पर पुलिस ने दो आरोपियों के कब्जे से अवैध रूप से 1020 किलोग्राम मछली ले जाते हुए मय बोलेरो पिकअप क्र. आरजे 53जीए 2230 के साथ पकड़ा। जब्त मछली की कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है।

## गणतंत्र दिवस समारोह परम्परांगत गरिमा के साथ मनाया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच



जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह परम्परांगत गरिमा के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय नीमच के शा.बा.उ.मा. विद्यालय क्रं.-2 नीमच पर आयोजित होगा। समारोह में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कर्मचारियों को पुरस्कारों का वितरण भी किया जाएगा।

इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योंजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति पर आधारित झांकियां निकाली जाएगी। नीमच में गणतंत्र दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ध्वजोत्तोलन कर भव्य परेड की सलामी लेगी। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ध्वजोत्तोलन कर, आयोजित भव्य परेड की सलामी लेंगी तथा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेगें।

जिला पुलिस बल के जवानों और वन विभाग, नगर सेनाएंव एन.सी. सी.सीनियर डिवीजन स्काउट की टुकडी भी शामिल होगी। इस अवसर पर नगरपालिका ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,कृषि,आदिम जाति कल्याण, लोक निर्माण,लोक स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण,जिला पंचायत, उद्यानिकी, जल संसाधन,ग्रामीण यांत्रिकी, महिला एंव बाल विकास विभाग सहित विभिन्न 14 विभागों द्वारा विकास गतिविधियों योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएगी। गणतंत्र दिवस पर विकासखंड, ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें और स्कूली बच्चों की प्रभात फैरी निकाली जायेगी। अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश ,ए.एस.पी. श्री नवलसिंह सिसोदिया की उपस्थिति में गंणतत्र दिवस समारोह की तैयारियों की फुल ड्रेस रिहर्सल शनिवार को शा.बा. उ.मा.वि. क्रं.-2 नीमच के मैदान पर किया गया। इस अंतिम पूर्वाभ्यास में सभी टुकडियों ने भव्य मार्च पास्ट परेड प्रस्तुत की तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग देश भक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## साहित्य से जुड़कर ही व्यक्ति को मिलती है असली संतुष्टि-टीआई श्री राठौर

### अ.भा. साहित्य परिषद ने बसंत काव्य गोष्ठी आयोजित की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा बसंत काव्य गोष्ठी और सरस्वती पूजन का आयोजन किया । मुख्य अतिथि शहर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र राठौर ने कहा कि बसंत पंचमी प्रकृति और संस्कृति के मिलन का पर्व है।

उन्होंने साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, व्यक्ति अपनी उपलब्धियों से समाज में एक रुतबा तो हासिल कर लेता है, लेकिन उस रुतबे को असली संतुष्टि और सुकून साहित्य से जुड़कर ही प्राप्त होता है। वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल ने कहा कि माँ सरस्वती की वीणा से ही सात सुरों और नौ रसों की उत्पत्ति हुई है। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने बसंत को उल्लास और शांति का प्रतीक बताया। इस दौरान गोष्ठी में नरेन्द्र त्रिवेदी ने सुगंध पुष्पों की मिले, होते ही भिनसार, नरेन्द्र भावसार लो फिर आ गया बसंत, तुम्हारी कुल्हाड़ियों के खिलाफज्, नंदकिशोर राठौर च्शब्द रस पहचान, मन की उड़ान, भाये तो बसंत है, चंदा डांगी च्आई खुशियों की बौछार, बहेगी साहित्य की रसधार, दीपिका किशोरी च्श्वेत हंस आसीन वह, श्वेताम्बर नित धारच्, ईश्वर डांगी च्हे शारदे तू हमें स्वर दे माँ, करुणा कर हमें वर दे माँ सुनाया। कार्यक्रम में आशीषसिंह मण्डलोई, राजकुमार अग्रवाल, श्रीमती स्वाति रिछावरा, सुरेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन नरेन्द्र भावसार ने किया एवं आभार नन्दकिशोर राठौर ने माना।

### सांस्कृतिक गौरव के संदेश के साथ विशाल वाहन रैली का आयोजन

नीमच। खंडेलवाल वैश्य समाज नीमच द्वारा आज रविवार 25 जनवरी को समाज की एकता एवं सांस्कृतिक गौरव के संदेश के साथ विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली के साथ संत सुंदरदास तिराहा (मार्ग) का अनावरण भी सम्पन्न होगा। उक्त जानकारी देते हुवे संगठन मंत्री व प्रवक्ता विवेक खण्डेलवाल ने बताया कि वाहन रैली दोपहर 4 बजे श्री गोधाम बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर ब्रह्माकुमारी, पुरानी नगर पालिका, रेलवे फाटक, हनुमान नगर, फतेह चौक, रेलवे पुलिया के नीचे से कृष्णा नगर होते हुए सिद्धिविनायक गेट के बाहर पहुँचेगी।

# हरियाणा इवेंट में मौनी रॉय के साथ बदसलूकी



## हम साथ-साथ हैं फिल्म के जैसा है खान परिवार

### सोहेल की एक्स वाइफ सीमा सजदेह बोलीं- मुश्किल दौर में सलमान ने साथ दिया

फैशन डिजाइनर, स्टाइलिस्ट सीमा सजदेह और सोहेल खान का भले ही कुछ साल पहले तलाक हो चुका हो, लेकिन आज भी सीमा खान परिवार का अहम हिस्सा हैं। करीब दो दशकों तक शादीशुदा रहने के बाद आपसी मतभेदों के चलते दोनों अलग हुए, लेकिन इस पूरे दौर में खान परिवार ने सीमा का पूरा साथ दिया।

हाल ही में सीमा सजदेह उषा काकड़े प्रोडक्शंस के पॉडकास्ट का हिस्सा बनीं। यहां पर उन्होंने अपने मुश्किल समय को याद किया। साथ ही उन्होंने बताया कि न सिर्फ सलमान खान बल्कि पूरा खान परिवार उनके साथ मजबूती से खड़ा रहा। जब पॉडकास्ट की होस्ट ने सीमा से पूछा कि क्या तलाक के दौरान सलमान ने उन्हें सपोर्ट किया था? इसके जवाब में सीमा ने कहा- सलमान ने मुझसे कहा था, तुम लोग साथ रहो या अलग हो जाओ, लेकिन तुम हमेशा इन बच्चों की मां रहोगी। यह बात मेरे दिल में बस गई। सीमा आगे बताती हैं कि परिवार का सपोर्ट सिर्फ शब्दों तक सीमित नहीं था। उन्होंने कहा- जब सोहेल और मेरे बीच झगड़े होते थे, तब भी कई बार परिवार मेरे पक्ष में खड़ा रहता था। आज भी वे बच्चों की जिम्मेदारी में मेरी मदद करते हैं। योहान अब टीनएजर है और अगर कभी मुझे उसे लेकर मदद चाहिए होती है, तो मैं बिना झिझक सोहेल की बहन या भाई के पास जा सकती हूं। तलाक के बाद सोहेल के साथ अपने रिश्ते पर बात करते हुए सीमा ने माना कि शुरुआती समय भावनात्मक रूप से बेहद कठिन था।



एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर बयां किया दर्द, लिखा- लोगों ने अश्लील टिप्पणी की और गालियां दीं



एक्ट्रेस मौनी रॉय ने हरियाणा के करनाल में हुए एक इवेंट के दौरान दर्शकों द्वारा की गई बदसलूकी को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया कि इवेंट के दौरान कुछ लोगों का व्यवहार बेहद शर्मनाक और असहज करने वाला था।

मौनी लिखती हैं- पिछले दिनों करनाल में एक इवेंट था और मेहमानों के व्यवहार से मुझे बेहद निराशा हुई, खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा की उम्र के थे। इवेंट शुरू होते ही जब मैं स्टेज की ओर चलने लगी तो अंकल और परिवार के सभी पुरुषों सदस्यों ने फोटो क्लिक कराने के लिए मेरी कमर पर हाथ रख दिया। जो मुझे पसंद नहीं आया और जब मैंने कहा कि सर, प्लीज अपना हाथ हटा लें। स्टेज पर तो और भी दिलचस्प कहानी है। दो अंकल ठीक सामने खड़े होकर अश्लील टिप्पणियां, मुझे अश्लील इशारे दिखा रहे थे, गालियां दे रहे थे। मैंने यह फील किया और पहले तो विनम्रता से उन्हें इशारा किया कि ऐसा मत करो, जिस पर उन्होंने मुझ पर गुलाब फेंकना शुरू कर दिया। मैं परफॉर्मेंस के बीच में ही स्टेज की एग्जिट के तरफ चली गई लेकिन तुरंत वापस आकर अपनी परफॉर्मेंस पूरी की। एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि इतनी हरकतों के बावजूद न तो परिवार वालों ने और न ही आयोजकों ने उन लोगों को वहां से हटाया। मौनी ने इस घटना को अपमानजनक और मानसिक रूप से परेशान करने वाला बताया। उन्होंने लिखा कि अगर उनके साथ ऐसा हो सकता है, तो इंडस्ट्री में नई लड़कियों के लिए हालात कितने मुश्किल होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से इस तरह के व्यवहार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की।

एक अन्य पोस्ट में मौनी ने बताया कि स्टेज ऊंचाई पर था और कुछ लोग नीचे से गलत एंगल में वीडियो बना रहे थे। रोकने पर उन्होंने गालियां दीं।



## फायरिंग केस में एक्टर कमाल राशिद खान गिरफ्तार

### मुंबई की रिहायशी बिल्डिंग पर चली थीं गोलियां इटर और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

एक्टर कमाल राशिद खान उर्फ केआरके को मुंबई पुलिस ने शनिवार को अंधेरी पश्चिम के ओशिवारा इलाके में एक रिहायशी बिल्डिंग में फायरिंग की घटना के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक्टर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

रिपोर्ट में पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात उन्हें पूछताछ के लिए ओशिवारा पुलिस स्टेशन लाया गया था। पुलिस के अनुसार, अपने बयान में केआरके ने लाइसेंसी बंदूक से दो राउंड फायर करने की बात कबूल की है। यह घटना 18 जनवरी को ओशिवारा स्थित नालंदा सोसाइटी में हुई थी। जांच के दौरान सोसाइटी परिसर से दो गोलियां बरामद हुईं, जिनमें एक दूसरी मंजिल से और दूसरी चौथी मंजिल से मिली। इंडिया टुडे के अनुसार, एक फ्लैट लेखक-निर्देशक नीरज कुमार मिश्रा का है और दूसरा एक मॉडल प्रतीक बैद का। शुरूआत में सीसीटीवी फुटेज से कोई सुराग नहीं मिला, लेकिन फॉरेंसिक जांच में संकेत मिला कि गोलियां पास के केआरके के बंगले से चलाई गई थीं। पुलिस के मुताबिक, फायरिंग के पीछे की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। कौन हैं कमाल आर खान? कमाल आर खान उर्फ केआरके खुद को फिल्म क्रिटिक बताते हैं और सोशल मीडिया पर अक्सर वे फिल्मों की आलोचना करते नजर आते हैं। कई बार वे बॉलीवुड स्टार्स पर तीखी टिप्पणियों के कारण चर्चा में रहे हैं।

# गीता बसरा बोलीं- पोस्टर देखकर फिदा हो गए थे भज्जी

युवराज से मैसेज कराया, पहले मैंने इग्नोर किया, फ्रेंडशिप से प्यार, फिर शादी हुई

बॉलीवुड एक्ट्रेस गीता बसरा ने पहली बार पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह भज्जी से शादी को लेकर खुलकर बात की। गीता ने कहा कि भज्जी पोस्टर में उसे देखकर फिदा हो गए थे। भज्जी ने क्रिकेटर साथी युवराज सिंह के जरिए उनसे कॉन्टैक्ट किया।

पहले तो उन्होंने भज्जी के प्रपोजल को इग्नोर कर दिया। वह अपने एक्टिंग करियर पर फोकस करना चाहती थीं, जिसके लिए वह इंग्लैंड छोड़कर मुंबई आई थीं। हालांकि दोनों में फ्रेंडशिप हो गई। करीब 4-5 साल के बाद दोनों ने शादी करने का फैसला गया।

गीता ने बॉलीवुड में अब लड़कियों को मिल रही तरजीह को लेकर भी संतुष्टि जताई। उन्होंने पिछले टाइम को चैलेंज वाला बताया। गीता ने भज्जी को बेस्ट हसबैंड बताया। भज्जी क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। इस वक्त वह पंजाब से राज्यसभा के सांसद हैं।



**इंग्लैंड से इंडिया कैसे पहुंचीं गीता बसरा- बचपन से था एक्ट्रेस बनने का सपना:** गीता बसरा इंग्लैंड में पैदा हुईं। उन्होंने बताया कि कि बचपन से एक्ट्रेस बनने का सपना था तो 18 साल की उम्र में इंडिया आ गईं। 2002 में यहां आकर शुरुआती दौर में स्ट्रगल किया और फिर फिल्मों में काम मिलने लगा। धीरे धीरे अच्छी एक्ट्रेस बन गई लेकिन उसका सपना एक बड़े लेवल की एक्ट्रेस बनना था। इसलिए वो इंडस्ट्री में जी तोड़ मेहनत करती रही।

**माता-पिता को छोड़कर आना मुश्किल था:** गीता बसरा ने इंटरव्यू में बताया कि 18 साल की उम्र में बेटी को दूसरे देश में भेजना मां बाप के लिए बड़ा मुश्किल फैसला था। उससे भी मुश्किल मेरे लिए था कि मैं उन्हें छोड़कर आ रही हूं। मुझे एक्ट्रेस बनने की जिद और जुनून था। इससे मां-बाप भी सहमत हो गए और आखिरकार मैं मुंबई आ गई।

**उस वक्त समय बड़ा मुश्किल था:** गीता बसरा का कहना है कि आज से 15 साल पहले लड़कियों के लिए बड़ा मुश्किल था। ढेरों पाबंदियां थी कि या तो ये काम कर लो या वो। फिल्म इंडस्ट्री में भी मुश्किलें थी। शुक्र है भगवान का समय बदल गया। अब प्रोड्यूसर व डायरेक्टर्स की भी मेंटिलिटी बदल गई है और काम करना सभी के लिए आसान हो गया है।

**भज्जी ने पोस्टर में देखा, युवराज से मिलाने को कहा:** गीता बसरा ने बताया कि 2002 में मुंबई आई तो धीरे-धीरे काम मिला। इंडस्ट्री में नाम हो गया। जब उनकी फिल्में अच्छी चलने लगी थी तो हरभजन सिंह ने उनका पोस्टर देखा और युवराज से पूछा कि ये लड़की कौन है। हरभजन ने साथी क्रिकेटर युवराज सिंह को कहा था कि मुझे इस लड़की से मिला।

**युवराज का मैसेज आया, मैंने इग्नोर किया:** गीता बसरा ने बताया कि युवराज सिंह ने मैसेज पहुंचाया। मैंने तब इग्नोर किया और उस समय मेरी उम्र करीब 22 साल थी। दरअसल, तब मैंने सोचा कि मैं एक्ट्रेस बनने आई हूं, वही करना है। उसी पर फोकस रहना है। इधर-उधर नहीं देखना। मैं इन चीजों में फंसना नहीं चाहती थी। मैं उस समय किसी रिश्ते में नहीं जाना चाहती थी।



**भज्जी से फ्रेंडशिप की, वह शादी करने की बात करते:** हालांकि मैं लव के चक्कर में तो नहीं पड़ना चाहती थी लेकिन हरभजन से दोस्ती हो गई। काफी सालों तक हमारी फ्रेंडशिप चलती रही। हम एक-दूसरे को सपोर्ट करते रहे। हालांकि हरभजन उस समय भी कहते थे कि मैं शादी करूंगा तो तेरे से ही करूंगा। दोनों की दोस्ती कब प्यार में बदल गई पता ही नहीं चला। 4-5 साल की दोस्ती के बाद उन्होंने डेट करना शुरू किया और तब यह तय कर लिया था कि दोनों शादी करेंगे।



## हाईकोर्ट ने आरसीबी के बॉलर को 30 जनवरी तक थाने में पेश होने को कहा

# रेप केस में यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर



रेप के आरोपी आईपीएल चैंपियन आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल की गिरफ्तारी पर राजस्थान हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। जस्टिस गणेशराम मीणा की अदालत ने क्रिकेटर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि 30 जनवरी तक जयपुर के सांगानेर थाने में जांच अधिकारी के सामने पेश हों।

**केस डायरी के साथ जांच अधिकारी कोर्ट में रहे मौजूद-** यश के वकील चंद्रशेखर शर्मा ने बताया- पिछली सुनवाई में कोर्ट ने केस डायरी के साथ जांच अधिकारी को बुलाया था। जांच अधिकारी कोर्ट में मौजूद थे। कोर्ट में बताया कि मामले में दो साल की देरी से एफआईआर दर्ज करवाई गई है। हम जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। इस पर कोर्ट ने गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी।

बता दें कि पास्को कोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद यश दयाल ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है।

**पीड़ित से हमेशा सार्वजनिक जगह पर मुलाकात की-** यश दयाल के वकील ने कोर्ट को बताया कि यश दयाल ने पीड़ित से हमेशा सार्वजनिक जगह और टीम के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में मुलाकात की। वे एकांत जगह पर कभी अकेले नहीं मिले। मुलाकात के दौरान पीड़ित ने कभी नहीं बताया कि उसकी उम्र 18 साल से कम है। एफआईआर में भी उसने यह नहीं कहा कि रेप की घटना के समय उसकी उम्र कम थी। यदि पीड़ित के साथ कानपुर में रेप हुआ तो वह प्रार्थी के साथ उसके बाद भी अलग-अलग शहरों में क्यों गई। इसके बारे में पीड़ित ने कुछ भी स्पष्ट नहीं किया।




**पीड़ित का आरोप- क्रिकेट में करियर बनाने का झांसा देकर रेप किया-** जयपुर में रहने वाली लड़की ने 23 जुलाई 2025 को जयपुर के सांगानेर सदर थाने में क्रिकेटर के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसमें बताया था कि यश ने क्रिकेट में करियर बनाने का झांसा देकर और इमोशनल ब्लैकमेल करके उसके साथ दो साल तक रेप किया। इससे पहले 8 जुलाई 2025 को भी यूपी के गाजियाबाद की एक लड़की ने भी यश पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया था। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से यश को गिरफ्तारी से राहत मिली थी। पुलिस ने बताया था कि जयपुर की लड़की क्रिकेट खेलने के दौरान यश दयाल के संपर्क में आई थी। आरोप है कि करीब 2 साल पहले जब वह नाबालिग थी, तब यश ने क्रिकेट में करियर बनवाने का झांसा देकर उसके साथ रेप किया।

## अंडर-19 वर्ल्डकप में भारत की लगातार तीसरी जीत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुलावायो

भारत ने जिम्बाब्वे के बुलावायो में चल रहे अंडर-19 वर्ल्ड कप में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। टीम ने शनिवार को न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया। भारतीय टीम ने 130 रन का संशोधित लक्ष्य 13.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया।

कप्तान आयुष म्हात्रे ने 27 बॉल पर 53 रन की पारी खेली। उनकी पारी में 2 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। आयुष के अलावा, वैभव सूर्यवंशी ने 23 बॉल पर 40 रन बनाए। उन्होंने 2 चौके और 3 छक्के लगाए। दोनों में फिफ्टी पार्टनरशिप हुई। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 36.2 ओवर में 135 रन पर ऑलआउट हो गई। आरएस अंबरीश ने 4 विकेट झटके। जबकि हेनिल पटेल को 3 विकेट मिले। न्यूजीलैंड से कैलम सैमसन ने नाबाद 37 और सेल्विन संजय ने 28 रन की पारियां खेलीं। दोनों ने 8वें विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की।






# बाबर-रिजवान और शाहीन के साथ 100 करोड़ की ठगी

## पॉन्जी स्कीम का शिकार हुए, बिजनेसमैन देश छोड़कर भागा, पीसीबी की जांच जारी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के साथ करीब 100 करोड़ पाकिस्तानी रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। जोकि पॉन्जी स्कीम से जुड़ा हुआ है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि पाकिस्तान पूर्व टेस्ट कप्तान के साथ करीब एक दर्जन खिलाड़ियों ने पीएसएल से जुड़े बिजनेसमैन की स्कीम पर पैसा लगाया था। शुरूआत में उन्हें रिटर्न भी मिला, लेकिन अब अचानक उन्हें पैसा मिलना बंद हो गया। पीड़ित क्रिकेटर्स ने जब बिजनेसमैन से संपर्क किया, तो उन्हें कह दिया गया कि अब पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसके बाद उसने फोन और मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया। देश छोड़कर चला गया। बताया जा रहा है कि इन खिलाड़ियों ने सिर्फ अपना नहीं, बल्कि रिश्तेदारों और करीबी सहयोगियों का भी पैसा निवेश किया था। बताया जा रहा है कि ये रकम 100 करोड़ पाकिस्तानी रुपए तक है।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के करीब एक दर्जन मौजूदा खिलाड़ियों के साथ ठगी हुई है। इनमें बाबर, रिजवान और शाहीन के अलावा, फखर जमान, शादाब खान जैसे नाम भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कारोबारी पाकिस्तान सुपर लीग की कुछ फ्रेंचाइजी की स्पॉनसरशिप से भी जुड़ा रहा है। भारी नुकसान का हवाला देकर कारोबारी हुआ फरार प्रभावित खिलाड़ियों ने उससे संपर्क किया तो कारोबारी ने कथित तौर पर यह दावा किया कि उसे भारी नुकसान हुआ है। जिसमें खिलाड़ियों की निवेश राशि और उसकी अपनी पूंजी भी शामिल है।

## मिल्ने चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह काइल जैमीसन को न्यूजीलैंड की वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया गया है।

मिल्ने को यह चोट एसए20 लीग में पिछले रविवार टक केप टाउन के खिलाफ सनराइजर्स ईस्टर्न केप की ओर से खेलते हुए लगी थी। वे अपने पहले ही ओवर में चोटिल हो गए थे। बाद में स्कैन में चोट के गंभीर होने की पुष्टि हुई, जिसके चलते उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। जैमीसन अभी भारत से सीरीज में टीम का हिस्सा जैमीसन अभी भारत के खिलाफ चल रही सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा हैं। जैमीसन पहले वर्ल्ड कप स्क्वॉड में बतौर ट्रैवलिंग रिजर्व शामिल थे। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में वदलाव की डेड लाइन 31 जनवरी तक है। इसके बाद किसी भी रिप्लेसमेंट के लिए आईसीसी से मंजूरी लेनी होगी। काइल जैमीसन ने न्यूलीलैंड के लिए 24 टी-20 मैच में 23 विकेट लिए हैं।


**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547




**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय** :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतन**:- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो ।।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

अमेरिका से व्यापार समझौते में मदद

## रूस से तेल आयात घटा रहा इंडियन ऑयल




### ब्राजील-अंगोला से खरीद बढ़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंडियन ऑयल ने रूसी कच्चे तेल की खरीद घटाकर ब्राजील, अंगोला और मध्य पूर्व से आयात बढ़ाया है। यह कदम भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और टैरिफ राहत में अहम साबित हो सकता है।

देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने मार्च में रूसी तेल में कटौती की भरपाई के लिए ब्राजील की पेट्रोब्रास समेत कई अन्य देशों से 70 लाख बैरल तेल खरीदा है। घरेलू रिफाइनरियां अपने शीर्ष आपूर्तिकर्ता रूस से दूरी बनाने और मध्य पूर्व से आयात बढ़ाने के लिए रणनीतियों में बदलाव कर रही हैं। यह कदम भारत को अमेरिका के साथ टैरिफ कम करने के लिए व्यापार समझौता करने में मदद कर सकता है। सूत्रों के अनुसार, आईओसी ने शेल से अबू धाबी के मुरबान ग्रेड का 10 लाख बैरल और व्यापारी मर्कुरिया से अपर जाकुम ग्रेड का 20 लाख बैरल खरीदा है। एक्सॉन से अंगोला के हंगो और क्लोव ग्रेड का 10 लाख बैरल भी खरीदा है। आईओसी ने वैकल्पिक अनुबंध के तहत पेट्रोब्रास से ब्राजील के बुजियोस तेल के 20 लाख बैरल भी खरीदे हैं, जो पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर सौदा करने की सुविधा प्रदान करता है। गोपनीयता समझौतों के कारण तेल खरीदी के कुल मूल्य का आंकड़ा कंपनियों ने नहीं दिया है। आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में भारत का रूसी तेल आयात दो वर्षों में सबसे निचले स्तर पर आ गया। दूसरी ओर, ओपेक देशों से आयात का हिस्सा 11 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गया।

सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट के लिए भारत एक बेहद अहम बाजार बनकर उभरा

# पैसेंजर ट्रैफिक और कार्गो, दोनों ही मामलों में भारत टॉप पांच देशों में शामिल हो गया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सिंगापुर के मशहूर चांगी एयरपोर्ट ने अपने ताजा आंकड़ें जारी किए हैं, जिसमें भारत का जलवा साफ दिख रहा है। पैसेंजर ट्रैफिक और कार्गो, दोनों ही मामलों में भारत टॉप 5 देशों में शामिल हो गया है।

सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट के लिए भारत एक बेहद अहम बाजार बनकर उभरा है। गुरुवार को एयरपोर्ट ऑपरेटर, चांगी एयरपोर्ट ग्रुप की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत पैसेंजर ट्रैफिक और कार्गो वॉल्यूम, दोनों ही मामलों में टॉप पांच देशों में शामिल है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि पिछले साल विजयवाड़ा को एक नए डेस्टिनेशन के तौर पर जोड़ा गया है।

चांगी एयरपोर्ट ग्रुप ने बताया कि साल 2025 में एयरपोर्ट पर 6.99 करोड़ यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई, जो 2024 के मुकाबले 3.4 प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान एयरपोर्ट के लिए पांच सबसे बड़े पैसेंजर बाजार चीन, इंडोनेशिया, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और भारत रहे। एयरपोर्ट ने 2025 में अपने नेटवर्क में 13 नए शहरों को जोड़ा, जिसमें भारत का विजयवाड़ा भी शामिल है। अब चांगी एयरपोर्ट से करीब 100 एयरलाइंस 50 देशों के 170 से ज्यादा शहरों के लिए उड़ानें भरती हैं।

### माल ढुलाई में भी भारत ने दिखाया दम

सिर्फ यात्री ही नहीं, बल्कि माल ढुलाई (एयरफ्रेट) के मामले में भी भारत चांगी एयरपोर्ट के लिए एक प्रमुख बाजार है। साल 2025 में एयरपोर्ट ने कुल 20.8 लाख टन माल संभाला, जो पिछले साल से 4.5 प्रतिशत अधिक है। यह चांगी एयरपोर्ट के इतिहास के सबसे बेहतरीन कार्गो प्रदर्शनों में से एक है। चांगी के टॉप पांच एयर कार्गो बाजारों में चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, हांगकांग और भारत शामिल हैं। सालाना आधार पर विमानों की आवाजाही (लैंडिंग और टेक-ऑफ) में 2.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके साथ ही कुल उड़ानों की संख्या बढ़कर 3,74,000 हो गई है।

### एयरपोर्ट ने तोड़े रिकॉर्ड दिसंबर रहा सबसे व्यस्त

आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 का महीना एयरपोर्ट के लिए साल का सबसे व्यस्त महीना रहा, जिसमें 63 लाख यात्रियों ने सफर किया। वहीं, 20 दिसंबर यानी क्रिसमस से ठीक पहले वाला शनिवार साल का सबसे व्यस्त दिन था, जब 2 लाख 23 हजार से ज्यादा यात्रियों ने चांगी के टर्मिनलों का इस्तेमाल किया। सीएजी के सीईओ याम कुम वेंग ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद चांगी एयरपोर्ट ने यह मजबूत प्रदर्शन किया है।

### भविष्य की योजनाओं पर क्या बोले सीईओ?

सीईओ याम कुम वेंग ने भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए कहा, जैसे-जैसे एशिया में यात्रा की मांग बढ़ रही है, चांगी इस क्षेत्र में अपने नेटवर्क का विस्तार करने पर ध्यान दे रहा है, जिसमें तेजी से विकसित हो रहे छोटे शहर भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रुप यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए इनोवेशन पर लगातार काम करता रहेगा ताकि संचालन और ज्यादा सहज हो सके।

टैरिफ संकट में

## भारत-ईयू एफटीए से बदलेगा खेल



### वैश्विक बाजार में भारत की पकड़ होगी और मजबूत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) लंबे समय से चले आ रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के करीब हैं। इसकी घोषणा मंगलवार को नई दिल्ली में भारत-ईयू समिट के दौरान होने की उम्मीद है। कई ?मायनों में खास यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ा सकता है। हालांकि, इसके पूरी तरह कार्यान्वयन में कम-से-कम एक साल लग सकता है। भारत का यह पिछले चार वर्षों में 9वां व्यापार समझौता होगा, जो यह दिखाता है कि जब वैश्विक व्यापार ज्यादा संरक्षणवादी हो रहा है, तो देश वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत जगह बनाने की कोशिश कर रहा है। ईयू के साथ एफटीए कपड़ा और आभूषण जैसे भारतीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा दे सकता है, जो अगस्त अंत से लागू 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित हुए हैं। थिंक टैंक जीटीआरआई का कहना है, भारतीय उत्पादों पर औसत ईयू टैरिफ करीब 3.8 फीसदी है, लेकिन टेक्सटाइल और कपड़ों जैसे लेबर आधारित सेक्टर पर करीब 10 फीसदी ड्यूटी लगती है। यह समझौता 2023 के जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज के तहत कपड़ों, फार्मास्यूटिकल्स और मशीनरी उत्पादों पर टैरिफ रियायतें वापस लेने के बाद खोई हुई प्रतिस्पर्धा को बहाल करने में मदद करेगा।

इंडसइंड बैंक के मुनाफे में 90 फीसदी गिरावट

# बैंकों में दो लाख करोड़ की नकदी डालेगा आरबीआई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




सूक्ष्म वित्त खातों में बढ़ते दबाव और नए प्रबंधन के तहत ऋण वृद्धि में कमी से इंडसइंड बैंक का मुनाफा दिसंबर तिमाही में 90 फीसदी गिरकर 127.98 करोड़ रुपये रह गया। बैंक को कुछ तिमाहियों में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इनमें धोखाधड़ी का खुलासा और शीर्ष नेतृत्व में बदलाव शामिल हैं। बैंक के एमडी-सीईओ राजीव आनंद ने बताया, बैंक ने खाता-बही को सही आकार देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें भारी जमा जैसी महंगी देनदारियों को कम करना शामिल है।

**पीएलआईः एसी कलपुर्जा बनाने वाली पांच कंपनियां करेंगी 863 करोड़ रुपये का निवेश-** इंडो एशिया कॉपर, किर्लोस्कर न्यूमेटिक और गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग सहित पांच कंपनियों ने एसी कलपुर्जा निर्माण के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के तहत 863 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई हैं। यह योजना आधार वर्ष और एक वर्ष की प्रारंभिक अवधि के बाद पांच वर्षों तक बिक्री में वृद्धि पर घटते आधार पर 6 से 4 फीसदी तक का प्रोत्साहन प्रदान करती है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया, इन तीन कंपनियों के अलावा अन्य दो लाभार्थी क्रायोन टेक्नोलॉजी और प्रणव विकास (इंडिया) हैं। ये क्रमशः 175 करोड़ और 50 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। शॉर्टकट (एसी-एलईडी लाइट) के लिए पीएलआई योजना के तहत चौथे दौर में मिले 13 आवेदनों के मूल्यांकन के बाद 863 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता वाले पांच आवेदकों को अस्थायी रूप से लाभार्थी के रूप में चुना गया है। इन पांच कंपनियों का कुल उत्पादन 8,337 करोड़ रुपये होगा। साथ ही, वित्त वर्ष 2027-28 तक 1,799 लोगों के लिए अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होगा।

**बैंकों में दो लाख करोड़ की नकदी डालेगा आरबीआई-** आरबीआई ने कहा, वह बैंकिंग प्रणाली में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की नकदी डालेगा। बयान के मुताबिक, मौजूदा नकदी और वित्तीय स्थितियों की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। केंद्रीय बैंक खुले बाजार के परिचालन मार्ग के तहत कुल एक लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड खरीद भी करेगा। पांच फरवरी और 12 फरवरी को 50-50 हजार करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे जाएंगे।

**अदाणी एंटरप्राइजेज का लाभ 99 फीसदी घटा-** खर्चों में बेतहाशा तेजी से अदाणी एंटरप्राइजेज का लाभ दिसंबर तिमाही में 98.94 फीसदी घटकर 5 करोड़ रुपये पर आ गया। एक साल पहले समान अवधि में 474 करोड़ का फायदा हुआ था। कुल खर्च 2,329 करोड़ से बढ़कर 2,961 करोड़ हो गया। लागत 1,251 करोड़ की तेजी के साथ 1,698 करोड़ हो गई। कुल आय 2,636 करोड़ से बढ़कर 2,837 करोड़ रुपये हो गई।

**जनरल अटलांटिक लेगी बालाजी वेफर्स में हिस्सा-** प्राइवेट इक्विटी कंपनी जनरल अटलांटिक बालाजी वेफर्स में हिस्सेदारी लेने की योजना बना रही है। सूत्रों के मुताबिक, 7 फीसदी हिस्सेदारी 2,000 करोड़ से अधिक में ने बेचने की तैयारी चल रही है। इस आधार पर कंपनी का मूल्यांकन 35,000 करोड़ हो गया है। बयान के मुताबिक, बालाजी वेफर्स ने जनरल अटलांटिक के साथ रणनीतिक निवेश के लिए एक समझौता किया है।

**जीडीपी की नई श्रृंखला पर चर्चा पत्र जारी-** सरकार ने देश की आर्थिक तस्वीर को और सटीक ढंग से पेश करने के मकसद से जीडीपी की तिमाही श्रृंखला और उप-राष्ट्रीय खातों की गणना में बदलाव पर चर्चा शुरू कर दी है।

यस बैंक शेयर बिक्री में पीडब्ल्यूसी-ईवाय पर

# इनसाइडर ट्रेडिंग का आरोप जानें सेबी ने नोटिस में कहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यस बैंक शेयर बिक्री में पीडब्ल्यूसी-ईवाई पर इनसाइडर ट्रेडिंग का आरोप लगा है। वहीं इस मामले में सेबी ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने सौदे से संबंधित आंतरिक जानकारियों को साझा किया। यस बैंक के शेयरों की 2022 में खरीदी मामले में बाजार नियामक सेबी ने प्राइस वाटर हाउस कूपर्स (पीडब्ल्यूसी) और अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) की घरेलू इकाइयों के पूर्व एवं मौजूदा अधिकारियों पर कारोबार नियमों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। अमेरिका की प्राइवेट इक्विटी फर्मों कार्लाइल समूह और एडवेंट के अधिकारियों पर सौदे से संबंधित अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने नवंबर में जारी नोटिस में कहा, पीडब्ल्यूसी और ईवाई के दो अधिकारियों एवं परिवार के पांच सदस्यों-दोस्तों ने यस बैंक के 2022 के शेयर ऑफर से पहले ट्रेडिंग कर अवैध लाभ कमाया। आरोपियों में से अधिकांश अब भी अपनी-अपनी कंपनियों में हैं। कार्लाइल, एडवेंट, पीडब्ल्यूसी और ईवाई के भारतीय अधिकारियों ने अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी साझा की। यस बैंक के बोर्ड के एक पूर्व सदस्य पर भी मूल्य संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है, जिसका अन्य लोगों ने फायदा उठाया। नियामक का यह नोटिस जुलाई, 2022 के शेयर ऑफर से पहले यस बैंक के शेयरों में उतार-चढ़ाव की जांच के बाद आया है। इसमें कार्लाइल और एडवेंट ने 1.1 अरब डॉलर में 10 फीसदी हिस्सा खरीदा था। 29 जुलाई, 2022 को सौदे की घोषणा के एक दिन बाद बैंक का शेयर 6 फीसदी चढ़ गया।

शेयर बिक्री से पहले एडवेंट ने कर सलाहकार सेवाओं के लिए ईवाई को नियुक्त किया। यस बैंक ने मूल्यांकन कार्य करने के लिए ईवाई मर्चेंट बैंकिंग को नियुक्त किया था। उसी समय कार्लाइल और एडवेंट ने कर नियोजन एवं उचित जांच के लिए पीडब्ल्यूसी को नियुक्त कर दिया था।


26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

### कनाडाई पीएम बोले- लोग स्वदेशी सामान खरीदें:

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 100% टैरिफ धमकी के बाद कहा- अर्थव्यवस्था पर बाहरी खतरा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने ट्रम्प की टैरिफ धमकी के बाद देशवासियों से स्वदेशी सामान खरीदने की अपील की है। कार्नी ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कनाडा की अर्थव्यवस्था पर इस वक्त बाहरी खतरा है, इसलिए जो हमारे नियंत्रण में है, उसी पर ध्यान देना होगा। कार्नी का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा को चीन के साथ व्यापार समझौते करने पर कड़ी चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अगर कनाडा ने चीन के साथ व्यापारिक रिश्ते बढ़ाए, तो अमेरिका कनाडाई सामान पर 100 फीसदी टैरिफ लगाएगा।

उन्होंने कहा ट्रम्प ने कनाडाई पीएम को गवर्नर कार्नी कहा ट्रम्प ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कनाडाई प्रधानमंत्री को ह्यगवर्नर कार्नीह्न कहा। उन्होंने लिखा कि अगर कार्नी कनाडा को चीन के लिए अमेरिका में सामान भेजने का ह्यड्रॉप ऑफ पोर्टह्न बनाना चाहते हैं, तो यह गलतफहमी है। ट्रम्प ने आगे कहा कि चीन कनाडा के कारोबार, सामाजिक ढांचे और जीवनशैली को पूरी तरह नष्ट कर देगा।

इससे पहले शुक्रवार को भी ट्रम्प ने कहा था कि चीन, कनाडा को एक साल के अंदर ही खा जाएगा। दरअसल, कनाडा के ढट मार्क कार्नी ट्रम्प के 'गोल्डन डोम' मिसाइल प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प इससे नाराज हो गए हैं।

### अमेरिका-कनाडा एक-दूसरे के सबसे बड़े ट्रेड पार्टनर

अमेरिका और कनाडा दुनिया के उन गिने-चुने देशों में हैं, जो एक-दूसरे के सबसे बड़े ट्रेड पार्टनर हैं। अमेरिका की सरकारी ट्रेड बॉडी वरळफके मुताबिक दोनों देशों के बीच हर दिन औसतन 2 अरब डॉलर से ज्यादा का व्यापार होता है।

अमेरिका को मिलने वाला कच्चा तेल, गैस और बिजली का बड़ा हिस्सा कनाडा से आता है। इसके अलावा ऑटो पार्ट्स, लकड़ी और कृषि उत्पाद भी अमेरिका में कनाडा से बड़े पैमाने पर जाते हैं।

कनाडा अपने कुल निर्यात का बड़ा हिस्सा अमेरिका को भेजता है। मशीनरी, टेक्नोलॉजी, दवाइयां और उपभोक्ता सामान के मामले में कनाडा अमेरिका पर काफी हद तक निर्भर है।

### फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स से रिश्ते गहरे हुए

अमेरिका और कनाडा बीच गहरे व्यापारिक रिश्तों की नींव 1989 में पड़ी, जब पहला फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ। 1994 में ठअऋळअ लागू होने के बाद यह रिश्ता और मजबूत हुआ। इससे ऑटो, कृषि और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की सप्लाई चेन अमेरिका-कनाडा सीमा के आर-पार जुड़ गई। 2020 में ठअऋळअ की जगह वरटउअ लागू किया गया। इस समझौते के तहत ज्यादातर सामान बिना टैरिफ के आयात-निर्यात होता है और ट्रेड को ज्यादा नियमबद्ध बनाया गया। अमेरिका और कनाडा की कई फैक्ट्रियां एक ही प्रोडक्ट पर साथ-साथ काम करती हैं। उदाहरण के तौर पर एक कार का इंजन अमेरिका में बनता है, उसके पार्ट्स कनाडा में फिट होते हैं और फिर वह गाड़ी दोबारा अमेरिका लौटती है।

### कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाना चाहते हैं ट्रम्प

ट्रम्प कई बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कह चुके हैं। कार्नी ने पिछले साल मई में ट्रम्प से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। इस दौरान कार्नी ने ट्रम्प से साफ शब्दों में कहा था कि कनाडा बिकाऊ नहीं है। दरअसल, बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा था कि अगर कनाडा अमेरिका में शामिल होता है तो वहां के लोगों को कम टैक्स, बेहतर सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इस पर कार्नी ने ट्रम्प को जवाब देते हुए कहा कि जैसे रियल एस्टेट में कुछ जगहें कभी बिक्री के लिए नहीं होतीं, वैसे ही कनाडा भी कभी बिकाऊ नहीं है।

उन्होंने कहा कि जिस इमारत में वे बैठे हैं या बकिंघम पैलेस जैसी जगहें कभी नहीं बेची जातीं, उसी तरह कनाडा भी न कभी बिकेगा और न कभी बेचा जाएगा। कार्नी ने यह भी कहा था कि कनाडावासियों की सोच इस मुद्दे पर नहीं बदलेगी और कनाडा कभी अमेरिका का हिस्सा नहीं बनेगा।

## अमेरिका के 18 राज्यों में बर्फीले तूफान का खतरा:इमरजेंसी घोषित



### 20 करोड़ लोगों पर संकट; 9000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के कई राज्यों में बर्फबारी से सड़कें पूरी तरह ढंक गई हैं और विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। अमेरिका में बर्फीले तूफान की चेतावनी के बाद 18 राज्यों में इमरजेंसी ने घोषित कर दी गई है। वहीं दो दिनों में 9000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। नेशनल वेदर सर्विस (ठहर) के मुताबिक, 20 करोड़ यानी करीब दो-तिहाई अमेरिकी इस तूफान की चपेट में आ सकते हैं। तूफान के डर से लोग ग्रॉसरी स्टोर पर जमा हो रहे हैं। कई दुकानों में पानी, अंडे, मक्खन और मीट की कमी हो गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तूफान के साथ भारी बर्फबारी, बारिश और ठंड आएगी, जिससे हालात बेहद खतरनाक हो सकते हैं। ट्रांसपोर्टेशन अधिकारियों ने वीकेंड पर यात्रा में देरी और कैंसिलेशन की चेतावनी दी है। कई बड़े शहरों के एयरपोर्ट भी इससे प्रभावित हुए हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, शनिवार को अमेरिका में 3,259 से अधिक उड़ानें और रविवार को करीब 5,826 से उड़ानें रद्द हुईं।

मौसम विभाग के मुताबिक यह तूफान अमेरिका के हाई प्लेन्स से शुरू होकर धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ेगा। इसके असर से मेम्फिस, नैशविल, वॉशिंगटन डीसी, बाल्टीमोर, फिलाडेल्फिया और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में बर्फबारी होगी। सदर्न रॉकीज और प्लेन्स से लेकर मिड-अटलांटिक होते हुए नॉर्थ-ईस्ट तक भारी बर्फ गिरने का अनुमान है। ठहर के अनुसार, कोलोराडो से लेकर वेस्ट वर्जीनिया और बोस्टन तक कई इलाकों में 12 इंट से ज्यादा बर्फ पड़ सकती है।

### पोलर वोर्टेक्स से जूझ रहा है अमेरिका

अमेरिका के कई राज्य इस समय भीषण ठंडी हवाओं से जूझ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पोलर वोर्टेक्स (ध्रुवीय भंवर) को माना जा रहा है। पोलर वोर्टेक्स में हवाएं काउंटर क्लॉकवाइज (घड़ी की उल्टी दिशा) बहती हैं। पोलर वोर्टेक्स भौगोलिक संरचना के कारण आमतौर पर नॉर्थ पोल के चारों ओर घूमता है, लेकिन जब यह दक्षिण की तरफ बढ़ता है तो अमेरिका, यूरोप और एशिया में भारी ठंड लाता है।

### पोलर वोर्टेक्स के क्या खतरे हो सकते हैं

जब पोलर वोर्टेक्स चल रहा हो, तब घर से बाहर निकलना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। इस वक्त बिना विंटर किट के बाहर निकलने पर 5 से 7 मिनट में दिल का दौरा पड़ सकता है। इसके अलावा स्किन जम सकती है। ऐसे मौसम में गाड़ी भी स्टार्ट नहीं होती हैं। इससे बचने का सिर्फ एक ही उपाय है कि जब ध्रुवीय हवाएं चल रही हों, तब घर के भीतर ही रहें। कुछ रिसर्च से पता चला है कि बीते कुछ सालों में आर्कटिक तेजी से गर्म हो रहा है, जिससे पोलर वोर्टेक्स दक्षिण की तरफ शिफ्ट हो रहा है।

## एयर इंडिया ने न्यूयॉर्क जाने वाली फ्लाइट कैंसिल की

भीषण तूफान के कारण एयर इंडिया ने 25 और 26 जनवरी को न्यूयॉर्क और नेवार्क से आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। यात्रा संबंधी सलाह में, एयरलाइन ने कहा कि रविवार की सुबह से सोमवार तक न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और आसपास के क्षेत्रों में भारी बर्फबारी होने की संभावना है, जिससे उड़ान संचालन में दिक्कत हो सकती है।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या; दुकान के अंदर जला शव मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक और हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या का मामला सामने आया है। 23 साल के चंचल चंद्र भौमिक का जला हुआ शव शुक्रवार रात एक दुकान के अंदर मिला। परिवार ने इसे सुनियोजित हत्या बताया है। घटना नरसिंदी शहर के पुलिस लाइंस से सटे मस्जिद मार्केट इलाके में हुई। चंचल जिस गैराज में काम करता था, उसी के अंदर उसका शव मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। और उउळश फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के वक्त चंचल गैराज के अंदर सो रहा था। रात के समय किसी ने बाहर से शटर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। आग तेजी से अंदर फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चंचल आग में फंसा रहा और काफी देर तक तड़पता रहा। बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### अमेरिकी शर्तें मानने पर बची वेनेजुएला के मंत्रियों की जान:

# वर्किंग प्रेसिडेंट बोलीं- 15 मिनट में फैसला लेना था, नहीं तो सैनिक गोली मार देते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वेनेजुएला

वेनेजुएला की कार्यकारी राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज का एक वीडियो लीक हुआ है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक इसमें रोड्रिग्ज दावा कर रही हैं कि अमेरिका ने जब तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ा, तब उन्हें और उनके कैबिनेट मेंबर्स को सिर्फ 15 मिनट का वक्त दिया था। उनसे कहा गया कि अगर उन्होंने अमेरिका की शर्तें नहीं मानी तो सबको गोली मार दी जाएगी।

ये बातें करीब दो घंटे चली एक बैठक की लीक रिकॉर्डिंग में सामने आई हैं। यह बैठक अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के सात दिन बाद वेनेजुएला में हुई थी। इस वीडियो को सबसे पहले स्थानीय पत्रकारिता समूह ला होरा दे वेनेजुएला ने रिपोर्ट किया।

यह बैठक एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म पर रिकॉर्ड की गई लगती है। इसमें रोड्रिग्ज सरकार समर्थक इन्फ्लुएंसर के सामने अपनी दलील दे रही हैं। इस दौरान कमरे में कुछ लोग मौजूद थे, जबकि कुछ लोग ऑनलाइन जुड़े थे। यह साफ नहीं है कि यह रिकॉर्डिंग लीक कैसे हुई।

### रोड्रिग्ज बोलीं- देश को बचाने के लिए शर्तें मानी

रोड्रिग्ज कहती हैं कि अमेरिकी हमले के बाद सत्ता संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने भी उनकी तारीफ की, क्योंकि उन्होंने उनकी कई मांगें मान लीं। रोड्रिग्ज ने कहा, मुझे बातें माननी पड़ीं क्योंकि धमकियां और ब्लैकमेलिंग लगातार हो रही थी। देश को आंतरिक संघर्ष से बचाना था। मेरी प्राथमिकता ह्यराजनीतिक सत्ता को बचानाह्न था। पहले खबरें आई थीं कि रोड्रिग्ज और उनके भाई ने मादुरो की गिरफ्तारी से पहले ट्रम्प को सहयोग करने का वादा किया था। लेकिन वीडियो में दिखता है कि सरकार के बचे हुए नेता इस बात से डर रहे थे कि कहीं उन्हें देशद्रोही न कहा जाए।

वीडियो में संचार मंत्री फ्रेडी नान्येज भी बोलते दिख रहे हैं जो रोड्रिग्ज का बचाव करते हैं। वह कहते हैं कि उनके (रोड्रिग्ज) खिलाफ चल रही अफवाहें बंद की जानी चाहिए। क्योंकि वे ही राष्ट्रपति और प्रथम महिला को वापस देश ला सकती हैं।

एक्सपर्ट मार्गरिटा लोपेज माया ने कहा कि हो सकता है रोड्रिग्ज खुद को सही साबित करने के लिए यह कहानी बना रही हों, क्योंकि सब जानते हैं कि मादुरो को हटाना अंदरूनी मदद के बिना संभव नहीं था। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला सरकार अमेरिका के खिलाफ बयान तो देती रही, लेकिन ट्रम्प की सभी मांगें मानती भी रही। मादुरो के बाद रोड्रिग्ज को राष्ट्रपति बनाया गया और ट्रम्प ने उनका समर्थन किया, बशर्ते अमेरिका को वेनेजुएला के तेल भंडार तक पहुंच दी जाए।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बखन, खींच-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 1 | | 8 | | 5 | = | 23 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 35 | | 8 | | 25 | = | 15 |
| | | | | | | | | |
| 35 | | 60 | | 49 | | 25 | = | 21 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 48 | | 30 | | 40 | = | 26 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 27 | | 47 | | 45 | | 45 | = | 3 / 74 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | डु | मे | रि | सो | म | बा | ध | थ | ट | जी |
| णे | खु | कु | प | इं | जी | बे | शि | या | ड | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | वा | द | ह | प | ल |
| मा | ज | ए | पा | सिं | हू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | ब | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | थि | मो | ग | प | बा | शी | ह | जी | जी |
| न | जी | त | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भा | र | य | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | या | तैं | ह | न | ज | जी | श | धू | ड्डी |
| र | ज | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| वां | स | म | प | व | लि | रा | म | भ | ग | त |

शब्दजाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

गणेश मावलनकर, हुकूम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रबी राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | |
| | 2 | | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | | 4 | | 5 | 2 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!

000000000

कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो घर की सभी लाइट्स बंद करके भूत वाली मूवी देखो...
कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!


000000000

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!

000000000

एक बार क्लास में मैडम ने बच्चों से एक सवाल पूछा...
मैडम - तुम सब में से सबसे बहादुर कौन है बच्चों...?
मैडम - अच्छा बताओ, अगर तुम्हारे स्कूल के सामने कोई बम रख दे, तो तुम क्या करोगे...?
मैडम का सवाल सुन पप्पू ने हाथ उठाया और बोला
पप्पू - मैडम जी एक, दो मिनट देखेंगे अगर कोई ले जाता है तो ठीक है, नहीं तो स्टाफरूम में रख देंगे...!

## रंग भरकर चित्र बनाओ




26
JANUARY
REPUBLIC DAY OF INDIA
आप और आपके पूरे परिवार जनों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं।

■ वर्ष-12 अंक-84 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 25 जनवरी, 2026

### सुभाषितानि

विष्णुपत्नीं क्षमां देवीं माधवीं माधवप्रियाम्।
लक्ष्मीं प्रियसखीं भूमिं नमाम्यच्युतवल्लभाम्॥

**भावार्थ** : भगवान विष्णु की भार्या, क्षमास्वरूपिणी, माधवी, माधवप्रिया, प्रियसखी, अच्युतवल्लभा, भूदेवी भगवती लक्ष्मी को मैं नमस्कार करता हूँ।

सरसिजनिलये सरोजहस्ते धवलतरांशुकगन्धमाल्यशोभे।
भगवति हरिवल्लभे मनोज्ञे त्रिभुवनभूतिकरि प्र सीद मह्यम्॥

**भावार्थ** : कमलवासिनी, हाथ में कमल धारण करनेवाली, अत्यन्त धवल वस्त्र, गन्धानुलेप तथा पुष्पहार से सुशोभित होनेवाली, भगवान विष्णु की प्रिया लावण्यमयी तथा त्रिलोकी को ऐश्वर्य प्रदान करनेवाली हे भगवति! मुझपर प्रसन्न होइये।

## सम्पादकीयम्

### दुर्लभपृथिवीनां दौडस्य

ग्रीनलैण्ड् विषये ट्रम्पस्य नूतनं कदमः च विश्वं दावपेक्षया अस्ति। अमेरिकीराष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पस्य ग्रीनलैण्ड् विषये महत्त्वाकांक्षाः वैश्विकशान्तिं प्रति खतरान् जनयन्ति। वेनेजुएला इव ट्रम्पस्य अपि दृष्टिः ग्रीनलैण्ड्-देशस्य दुर्लभपृथिवीषु अस्ति। एतेन अन्तर्राष्ट्रीयन्यायस्य विषये, राष्ट्राणां सार्वभौमत्वस्य विषये च प्रश्नाः उत्पद्यन्ते। विश्वे दर्जनशः संघर्षान् स्थगितवान् इति शतशः दावान् कृतवान् अमेरिकीराष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः स्वयमेव वैश्विकतनावं प्रवर्धयति। वेनेजुएला-देशस्य अनन्तरं ग्रीनलैण्ड्-देशस्य विषये अमेरिका-देशस्य सन्देशः वैश्विक-शान्ति-स्थिरतायाः कृते खतरान् जनयति। एतेन अन्तर्राष्ट्रीयन्यायः, संयुक्तराष्ट्रसङ्घस्य चर्ट, राष्ट्राणां सार्वभौमत्वं च निरर्थकं भविष्यति। प्रबल प्रतिक्रिया। ट्रम्पप्रशासनस्य उपप्रमुखस्य स्टीफन् मिलरस्य पत्नी केटी मिर्ल इत्यनेन अमेरिकनध्वजेन परितः ग्रीनलैण्ड्-देशस्य चित्रणं कृत्वा शीघ्रमेव इति शीर्षकेण सह एकं फोटो स्थापितं स्टीफन् ट्रम्पस्य प्रियः इति मन्यते, यदा तु केटी स्वयमेव ट्रम्पस्य प्रथमकार्यकाले महत्त्वपूर्णानि भूमिकानि निर्वहति स्म। फलतः तस्याः ट्वीट् स्वाभाविकतया डेन्मार्क-ग्रीनलैण्ड्-देशयोः प्रबलप्रतिक्रियाः आकर्षिताः। कानूनस्य उल्लङ्घनम्। डेन्मार्कराज्यस्य अन्तर्गतं ग्रीनलैण्ड्-देशस्य कृते ट्रम्पस्य महत्त्वाकांक्षा चिरकालात् अस्ति। सः अनेकवारं मुक्ततया उक्तवान् यत् अमेरिकादेशस्य सुरक्षायै ग्रीनलैण्ड्-देशस्य आवश्यकता अस्ति।

एलोन् मस्कः ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट इत्येतयोः विरुद्धं

# 134 अरब डॉलरस्य मुकदमा दाखिलवान्



### येन टेक विश्वस्य बृहत्तमं कानूनीयुद्धं प्रारभ्यते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

विश्वस्य प्रमुखेषु टेक उद्यमिषु अन्यतमः एलोन् मस्कः कृत्रिमबुद्धिनेतृणां ओपनएआइ, माइक्रोसॉफ्ट इत्येतयोः विरुद्धं अद्यपर्यन्तं बृहत्तमेषु क्षतिपूर्तिदावेषु एकं दाखिल्य टेक उद्योगं चोदितवान्। मस्कः द्वयोः कम्पनीयोः ७९ अब्ज डॉलरतः १३४ अब्ज डॉलरपर्यन्तं क्षतिपूर्तिं याचते। सः आरोपयति यत् इत्यस्य निमार्ता इत्यनेन अलाभकारीसङ्गठनरूपेण स्वस्य मूलसिद्धान्तान् परित्यज्य इत्यनेन सह सहकार्यं कृत्वा वाणिज्यिकलाभं प्राथमिकताम् अददात्, प्रत्यक्षद्रोहः शुक्रवासरे न्यायालये एषः मुकदमा दाखिलः अभवत्, येन एषः प्रकरणः टेक-जगति बृहत्तमेषु कानूनीविवादेषु अन्यतमः अभवत्।

अस्य मुकदमस्य समयः अपि महत्त्वपूर्णः इति मन्यते। केवलं एकदिनपूर्वं एकः संघीयन्यायाधीशः डस्त्रील्लअक तथा इत्येतयोः जूरी-विचाराद् परिहरितुं प्रयत्नम् अङ्गीकृतवान्। न्यायालयस्य निर्णयस्य अनन्तरं अधुना एप्रिलमासस्य अन्ते अस्य प्रकरणस्य न्यायाधीशत्वं निर्धारितम् अस्ति। कानूनीविशेषज्ञाः वदन्ति यत् अस्य मुकदमेन न केवलं एआइ-उद्योगस्य अपितु स्टार्टअप-वित्तपोषणस्य, निगम-शासनस्य, अलाभकारी-सङ्गठनानां भूमिकायाः च कृते अपि दूरगामी प्रभावः भवितुम् अर्हति।

एलोन् मस्कः कथयति यत् सः २०१५ तमे वर्षे ओपनएआइ इत्यस्य सहस्थापनं कृतवान् यत् सः मानवतायाः हिताय कृत्रिमबुद्धेः विकासस्य दृष्ट्या, मुक्तस्य, अलाभकारीस्य प्रतिरूपस्य अन्तर्गतम्। प्रारम्भिकवर्षेषु मस्कः ओपनएआइ इत्यस्मै प्रायः ३८ मिलियन डॉलरं वित्तपोषणं प्रदत्तवान् तथा च तकनीकीपरामर्शात् आरभ्य सामरिकदिशापर्यन्तं सर्वेषु सक्रियभूमिकां निर्वहति स्म मस्कः आरोपयति यत् परवर्तीषु वर्षेषु ओपनएआइ स्वस्य मूलप्रयोजनात् विचलितः भूत्वा माइक्रोसॉफ्ट् इत्यनेन सह गहनव्यापारसौदां कृतवान्, येन कम्पनीयाः पूर्णरूपेण परिवर्तनं जातम्। मस्क इत्यनेन दाखिलस्य मुकदमेन दावितं यत् ओपनएआइ इत्यस्य वर्तमानमूल्यांकनं प्रायः ५०० अरब डॉलरं यावत् अभवत्।

रेडिट् इत्यत्र तुलनाः

## यूरोप, दक्षिणपूर्व एशिया च देशेषु स्लीपर-रेलयानानां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सकारात्मकविमर्शस्य पार्श्वे अन्यः दृष्टिकोणः अपि उद्भवति। रेडिट् इत्यत्र बहुसंख्याकाः उपयोक्तारः वण्डे भारतस्लीपरस्य भाडानां विषये प्रश्नान् उत्थापयन्ति। समाचारानुसारम् अस्मिन् रेलयाने स्लीपरवर्गस्य भाडा प्रायः २,२९९ तः आरभ्यते, येन बहसः प्रवर्तते। केचन उपयोक्तारः मन्यन्ते यत् प्रस्तावितानां सुविधानां स्तरं विचार्य एतत् भाडा युक्तम् अस्ति, अन्तर्राष्ट्रीयरेलयानानां तुलने अत्यधिकं नास्ति। अपरपक्षे अन्ये बहवः सामान्यभारतीययात्रिकस्य कृते तत् अप्राप्यम् इति वदन्ति, यत् स्लीपर-रेलयानानां उद्देश्यं किफायती दीर्घदूरयात्रा प्रदातुं भवति इति।

रेडिट् इत्यत्र तुलनाः प्रायः जापान, यूरोप, दक्षिणपूर्व एशिया च देशेषु स्लीपर-रेलयानानां सन्दर्भं ददति। केचन उपयोक्तारः वदन्ति यत् वण्डे भारतस्लीपरस्य अन्तःभागः अनेकेषां अन्तर्राष्ट्रीयरेलयानानां तुलनीयः, केषुचित् सन्दर्भेषु च श्रेष्ठः अपि दृश्यते। विशेषतः स्वच्छता, डिजाइनः, तान्त्रिकविशेषता च प्रशंसिताः सन्ति। इदानीं समीक्षकपदेषु अपि तर्कः अस्ति यत् यदि अन्तर्राष्ट्रीयस्तरीयसुविधानां नामधेयेन भाडानां वृद्धिः निरन्तरं भवति तर्हि भारतीयरेलवेस्य सामान्ययात्रिकस्य प्रतिष्ठा दुर्बलतां प्राप्तुं शक्नोति। एषा चर्चा रेलमार्गस्य भविष्यस्य विषये अपि गम्भीरान् प्रश्नान् उत्थापयति। केचन रेडिर्ट-इत्येतत् मन्यन्ते यत् वण्डे-भारत-स्लीपरः भारतीयरेलवे-संस्थायाः कृते एकां दिशां दर्शयति, यत्र प्रीमियम-सेमी-प्रीमियम-सेवासु अधिकं ध्यानं भविष्यति तेषां मते एतेन रेलमार्गस्य राजस्वं वर्धयितुं शक्यते चेदपि साधारणमध्यमवर्गीययात्रिकाणां कृते किफायतीविकल्पाः।

## तिरुवनन्तपुरम नगर निगमे भाजपा पराघात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

केरलस्य राजधानी तिरुवनन्तपुरम् इत्यत्र उपनिर्वाचनं जातम्, येन स्थानीयराजनीतिः भग्नः अभवत्। नगरनिगमस्य प्रथमवारं सत्तां प्राप्तायाः भाजपा-पक्षस्य विझिन्जाम-वार्ड-उपनिर्वाचने पराजयः अभवत्। एतेन परिणामेन दलस्य सरलबहुमतं प्राप्तुं अवसरः अपहृतः अस्ति। उपनिर्वाचनं स्वतन्त्रस्य उम्मीदवारस्य मृत्योः कारणेन आवश्यकम् आसीत्। परिणामैः यूडीएफ-सङ्घस्य जीवनरेखा प्रदत्ता, एलडीएफ-सङ्घस्य कृते द्विगुणं आघातं सिद्धं च अभवत्। यूडीएफ प्रत्याशी के.एच. तिरुवनन्तपुरमनगरपालिकायाः विझिन्जम् वार्डे उपनिर्वाचने सुधीरखानः विजयी अभवत्। सः एलडीएफ-पक्षस्य एन.नौशाद् इत्यस्य ८३ मतान्तरेण पराजितवान्। सुधीरखानः २९०२ मतं प्राप्तवान्, नौशादः २८१९ मतं प्राप्तवान्।

### राशिफल

**मेष** : गुस्से में कही बात बाद में पछतावा दे सकती है। सेहत में थकान या सिरदर्द हो सकता है।

**वृषभ** : आपकी हेल्थ आज अच्छी है। फिजूलखर्ची से बचें। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन खान-पान में लापरवाही न करें।

**मिथुन** : आज स्थिर रहने की आवश्यकता है। निर्णय लेते समय जल्दबाजी न करें। सेहत में नींद की कमी या तनाव हो सकता है।

**कर्क** : परिणाम धीरे-धीरे दिखेंगे। सेहत का ध्यान रखें, खासकर पेट और नींद से जुड़ी दिक्कत हो सकती है।

**सिंह** : परिवार में सुख और समृद्धि रहेगी। आपको रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रेम जीवन में उत्साह और नयापन बना रहेगा।

**कन्या** : समय पर आराम जरूरी है। बचत पर जोर रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी। सेहत को नजरअंदाज ना करें।

**तुला** : आपके लिए समय बहुत उत्तम है, निवेश को सोच समझकर करें। लाभ के मौके मिलेंगे।

**वृश्चिक** : कुछ बहस हो सकती है। आपको शांत रहना है। सेहत में कमजोरी या थकान महसूस हो सकती है।

**धनु** : आवश्यक मामलों में प्रगति होगी। स्टूडेंट्स के लिए समय अच्छा है। धार्मिक या आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर** : आराम जरूरी है। मानसिक रूप से आज खुद को हल्का और शांत महसूस करेंगे।

**कुंभ** : आपको भावनात्मक रूप से उत्साहित करती हैं। आज आप सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।


**मीन** : आज आपकी सेहत ठीक रहेगी। किसी जरूरतमंद की मदद करने से अच्छा महसूस होगा। खानपान ठीक रखें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 12 महीने बाद ग्रहों की शुभ चाल, शनि के घर में प्रवेश करेंगे बुध ग्रह, इन राशियों को मिलेगा लाभ

12 महीने बाद ग्रहों की शुभ चाल, शनि के घर में प्रवेश करेंगे बुध ग्रह, इन राशियों को मिलेगा लाभ

बुध, शनि और राहु का एक साथ कुंभ राशि में होना विशेष ज्योतिषीय संकेत देता है। यह समय कुछ राशियों के लिए नौकरी में उन्नति, आय में वृद्धि और नए अवसरों के द्वार खोल सकता है। सोचने-समझने की क्षमता और निर्णय लेने की शक्ति में भी बदलाव देखने को मिलेगा, जिससे कई लोगों के भाग्य को नई दिशा मिल सकती है।



ज्योतिष शास्त्र में बुध ग्रह को बुद्धि, तर्कशक्ति, वाणी, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों का कारक माना जाता है। जब भी बुध अपनी राशि या चाल में परिवर्तन करता है, तो उसका सीधा असर व्यक्ति की सोच, फैसलों और कार्यक्षेत्र पर पड़ता है। फरवरी की शुरूआत में बुध ग्रह एक महत्वपूर्ण राशि परिवर्तन करने जा रहे हैं, जो कई राशियों के जीवन में बदलाव लेकर आएगा।

3 फरवरी को बुध ग्रह शनि की राशि कुंभ में प्रवेश करेंगे। इस समय कुंभ राशि में पहले से ही शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव और राहु की मौजूदगी बनी हुई है, जिससे एक विशेष ग्रह योग बन रहा है। शनि, राहु और बुध का यह संयुक्त प्रभाव सभी राशियों को प्रभावित करेगा, लेकिन कुछ राशियों के लिए यह समय विशेष रूप से शुभ माना जा रहा है। खासतौर पर नौकरी, आय में वृद्धि और नए अवसरों के लिहाज से कई लोगों के लिए यह गोचर भाग्य के नए द्वार खोल सकता है।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए बुध ग्रह का यह गोचर आर्थिक मामलों में राहत लेकर आने वाला साबित हो सकता है। इस दौरान आय में बढ़ोतरी के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं और पहले किए गए निवेश से लाभ मिलने की संभावना भी बन रही है। कार्यक्षेत्र में आपको नई जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं, जो आगे चलकर तरक्की के नए रास्ते खोलेंगी। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर का माहौल सकारात्मक बना रहेगा। संतान से जुड़ी कोई सुखद खबर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और आत्मविश्वास में भी बढ़ोतरी होगी।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि वालों के लिए बुध का यह राशि परिवर्तन जीवन की सुख-सुविधाओं में इजाफा करने वाला माना जा रहा है। इस दौरान वाहन खरीदने या घर-जमीन से जुड़ा कोई अहम निर्णय लिया जा सकता है। नौकरी या व्यवसाय में अब तक की मेहनत का अच्छा फल मिलने के योग हैं, जिससे मनोबल बढ़ेगा। पारिवारिक रिश्तों में संतुलन बना रहेगा और आपसी समझ बेहतर होगी। साथ ही, आय के नए स्रोत सामने आ सकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और भविष्य को लेकर भरोसा बढ़ेगा।

**मकर राशि-** मकर राशि के जातकों के लिए यह समय आर्थिक और करियर दोनों ही दृष्टि से काफी अनुकूल रहने वाला है। अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं, जिससे आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत हो सकती है। कार्यक्षेत्र में नए अवसर सामने आएंगे और आय के अतिरिक्त साधन विकसित हो सकते हैं। इस दौरान आपकी वाणी में प्रभाव बढ़ेगा, लोग आपकी बातों को गंभीरता से सुनेंगे और सहयोग देने के लिए आगे आएंगे। कुल मिलाकर यह समय आपके लिए प्रगति, स्थिरता और सम्मान लेकर आने वाला साबित हो सकता है।

## खबर एक नजर...

### पहले बहू से की मारपीट, फिर भाई को धमकाया

**उज्जैन।** ग्राम उमरिया खालसा में जलाने के लिये लड़की लेने से मना करने पर जेठ राजेश ने पहले बहू रेखा बागरी के साथ मारपीट की। पत्नी के साथ बड़े भाई को मारपीट करता देख बीच बचाव करने पति विक्रमलाल बागरी आया तो राजेश ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। रेखा को चोंट लगने पर पति विक्रमलाल उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने भर्ती किया है। मामले में चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने विक्रमलाल बागरी के बयान पर पत्नी के साथ मरपीट करने वाले बड़े भाई के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। घायल रेखा का कहना था कि पति की 2 साल से तबीयत खराब है। जेठ द्वारा उसके साथ की गई मारपीट के दौरान पति दवा लेने मेडिकल पर गये हुए थे।

### ससुराल से लौट रहा बाइक सवार दुर्घटना में घायल

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम उज्जैनिया में रहने वाला हाकम पिता औंकार मालवीय 50 साल शुक्रवार सुबह नलखेड़ा स्थित अपने ससुराल गया था। जहां से रात में वापस लौटते समय ग्राम आमला और नलखेड़ा के बीच सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। उसे आगर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उज्जैन रैफर कर दिया गया। यहां चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना अज्ञात वाहन से हुई है। रात का समय होने पर चालक वाहन लेकर भाग निकला था। सड़क दुर्घटना का एक मामला मक्सीरोड प्रतापनगर में हुई। शुक्रवार-शनिवार रात अज्ञात बाइक चालक ने सुनील पिता रामकिशन सेन 35 साल निवासी केसरबाग कालोनी को पैदल घर जाते समय टक्कर मारी। सुनील सेन के घायल होने पर पंवासा थाना पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### बाइक करने पर हुए विवाद में ढोला 80 लीटर दूध

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा में रहने वाला रामेश्वर पिता सेवाराम गारी दूध का व्यवसाय करता है। शुक्रवार देर शाम वह गांव में दूध बांटने गया था। नागराज मंदिर के पास उसने दूध की टंकी लदी बाइक खड़ी की, उसी दौरान भगवान पिता मोतीराम ने बाइक खड़ी करने की बात पर गाली-गलौच शुरू कर दी। रामेश्वर ने दूध देकर जाने की बात कही और गाली देने से मना किया तो भगवान ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और बाइक पर लदी 80 लीटर दूध से भरी टंकी को गिरा दिया। जिसके दूध बह गया। मारपीट होने और दूध बहने पर आर्थिक नुकसान के चलते रामेश्वर ने मामले की शिकायत भैरवगढ़ थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर भगवान की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये है।

### कब्जा दिलाने पहुंचे नायब नजीर के साथ अभद्रता

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरिया में रामेश्वर और कैलाश के बीच जीमन विवाद का मामला न्यायालय में चल रहा था। सितंबर 2025 में न्यायालय ने जमीन की डिक्री रामेश्वर के पक्ष में तय कर दी। डिक्रीधारी के बाद भूमि पर कब्जा दिलाने के लिये नायब नजीर नजारत नरेश पिता बीएल दीवान ग्राम खजूरिया पहुंचे। जहां कब्जा दिलाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही थी। उसी दौरान कैलाश पिता शवजी मौके पर पहुंचा गया और अभद्रता करते हुए न्यायालय के आदेश पर किये जा रहे कार्य में बाधा उत्पन्न की। मामले की जानकारी न्यायालय को मिली तो पत्र देकर कार्य में बाधा डालने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिये। 4 माह बाद मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि पत्र मिलने के बाद नायब नजीर नजारत कार्य में व्यस्त होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने नहीं आ सके थे। जिसके चलते प्रकरण दर्ज करने में देरी हुई है। अब आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

## तेजगति से दौड़ती कार डिवाइडर से टकराने के बाद खाई 5 पलटी

# हादसे में चालक की मौत, कांच फोड़ निकाला शव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

तेजगति से दौड़ती कार शुक्रवार-शनिवार रात डिवाइडर से टकरा गई। रफ्तार तेज होने पर कार ने 4 से 5 पलटी खाई। उसमें चालक सवार था, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे का वीडियो भी सामने आया है।

बड़नगर तहसील के ग्राम लोहाना कुटी में पेट्रोल पंप के सामने रात 1 बजे तेजगति से दौड़ती कार क्रमांक एमपी 43 टी 1306 डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित हो गई और 4 से 5 बार पलटी खा गई। आवाज सुनकर पेट्रोल पंप कर्मचारी और कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे। डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। लोगों ने कार में चालक को घायल देखा तो उसे बाहर निकालने के लिये कांच फोड़ा और बाहर निकाला, लेकिन उसकी मौत हो गई थी। डायल 112 के पहुंचते ही मृतक चालक को अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मृतक के पास से मिले दस्तावेज के





आधार पर उसकी पहचान गोवर्धनदास पिता दिनेश बैरागी 30 साल निवासी ग्राम जलोदिया के रूप में हुई। रात में ही परिजनों को सूचना दी गई। शनिवार सुबह मामले में मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है।

**पवन चक्की कंपनी में करता था काम-** प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि मृतक गोवर्धनदास बैरागी पवन चक्की लगाने वाली कंपनी में ड्रायवरी का काम करता था। सालभर पहले कंपनी में उसका अटैचमेंट हुआ था। रात में वह कंपनी के अधिकारी को छोड़कर अपने घर लौट रहा था। परिजनों के अनुसार गोवर्धनदास 2 बच्चों का पिता था। प्रधान आरक्षक के अनुसार इस बात का पता लगाया जा रहा है कि गाड़ी उसकी है या कंपनी की ओर से दी गई है। फिलहाल शव अंतिम संस्कार के लिये परिजनों को सौंपा गया है। जांच के दौरान परिजनों के बयान दर्ज किये जायेंगे।

**प्रथमदृष्टा हादसे की वजह तेजगति-** पुलिस के अनुसार घटनास्थल पर प्रारंभिक जांच और सामने आये सीसीटीवी फुटेज से हादसे की वजह तेजगति होना सामने आ रही है। फुटेज में घटनाक्रम रात 1 बजकर 27 मिनट पर हुआ है। जिसमें कार की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रतिघंटे से अधिक दिखाई दे रही है। हादसे के बाद पलटी कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। फुटेज को भी जांच में लिया जायेगा।

## शराब मंगवाने वाला नहीं मिला, आरोपियों को भेजा जेल


ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



गुरुवार-शुक्रवार रात नीलगंगा थाना पुलिस ने सांवराखेड़ी मार्ग बाइक सवार इंदौर के रहने वाले विक्की पिता कालू उर्फ कोमल और लक्ष्मणसिंह बघेल को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 43 हजार से अधिक की अवैध देशी-अंग्रेजी शराब बरामद की गई थी। पूछताछ में दोनों ने बताया कि शराब ग्राम चंदूखेड़ी में देने जा रहे थे। पुलिस ने आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया था। उनकी निशानदेही पर पुलिस चंदूखेड़ी में शराब मंगवाने वाले की तलाश करने पहुंची, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। शनिवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर दोबारा कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।









स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com